

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 231 | ग्वालियर, रविवार, 11 जून 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### केंद्र सरकार ने मणिपुर में सामान्य स्थिति लाने के लिए शांति समिति का गठन किया



**नई दिल्ली।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में सामान्य स्थिति लाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य की राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने कहा कि राज्यपाल के अलावा, समिति में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, कुछ राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पूर्व सिविल सेवक, शिक्षाविद, साहित्यकार, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जातीय समूहों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। एमएचए ने कहा कि समिति का जनादेश राज्य के विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए होगा, जिसमें शांतिपूर्ण वार्ता और परस्पर विरोधी दलों या समूहों के बीच बातचीत शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि समिति को सामाजिक एकता, आपसी समझ को मजबूत करना चाहिए और विभिन्न जातीय समूहों के बीच सौहार्दपूर्ण संचार की सुविधा प्रदान करनी चाहिए। 1 जून को मणिपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि राज्यपाल उइके के तहत एक शांति समिति गठित की जाएगी, जिसमें जातीय समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मणिपुर में 3 मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से अब तक 105 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 40,000 से अधिक अपने स्थानों से दूसरी जगहों पर शिफ्ट हुए हैं।

### विदेश जाकर राहुल गांधी को आती है अल्पसंख्यक की याद : हरदीप सिंह पुरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विदेशी धरती पर राहुल गांधी द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों की खराब हालत वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तो उनको अल्पसंख्यक समुदाय की याद आ जाती है, उन्हें यह याद करना करना चाहिए कि जब वो 13 साल के थे तो असम में क्या हुआ था, जब वे 14 साल के थे तो 1984 में सिखों के साथ क्या हुआ था। राहुल गांधी की विश्वसनीयता पर कटाक्ष करते हुए पुरी ने कहा कि उनकी विश्वसनीयता कहां बची है। वे कोई भी बयान दे देते हैं और जब झूठ पकड़ा जाता है तो माफी मांग लेते हैं। जबकि राजनीति में विश्वसनीयता बहुत जरूरी होती है। राहुल गांधी के रियर व्यू मिरर वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए पुरी ने कहा कि उन्हें अपना आईसाइट चेक करवाना चाहिए कि कहीं चश्मा उल्टा तो नहीं लगा है। विपक्ष दलों की आलोचना करते हुए पुरी ने कहा कि विपक्षी दल अभी मुद्दों की तलाश में है। आम आदमी पार्टी को पॉलिटिकल स्टार्टअप्स बताते हुए पुरी ने रेवड़ी कल्चर को लेकर उनकी आलोचना की। अकाली दल के साथ पंजाब में फिर से गठबंधन करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि पंजाब में दोबारा अकाली दल के साथ जुड़ने की आवश्यकता नहीं है।

### भिंड में आग में झुलसकर 3 बच्चों की मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में शनिवार को एक घर में आग लगने से कम से कम तीन बच्चों की झुलसकर मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना गोरमी थाना क्षेत्र के दानेकपुरा गांव की है। यहां पर एक घर में एलपीजी सिलेंडर फटने के कारण आग लग गई थी। पुलिस के उप मंडल अधिकारी (एसडीओपी) राजेश राठौर ने कहा कि मृतकों में एक 4 साल का लड़का, उसकी 10 साल की बहन और उनकी 5 साल की चचेरी बहन शामिल है। उन्होंने कहा कि मकान मालिक अखिलेश राजपूत और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। मृतक गृहस्वामी के नाती-पोते थे। राठौर ने बताया कि अखिलेश की बहू और बेटी का भी गोरमी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। राठौर ने कहा, ऐसा लगता है कि आग लगने का कारण एलपीजी लीकेज है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है और जांच पूरी होने के बाद सही कारण का पता चलेगा।

# मप्र पर भारी कर्ज, फिर भी सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला मुफ्त उपहारों से कर रहे शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा सरकार सत्ता विरोधी लहर से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राज्य सरकार मतदाताओं को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन योजनाओं और मुफ्त उपहारों की घोषणा कर रही है, जबकि राज्य लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले पांच-छह सालों में राज्य में औसत प्रति व्यक्ति कर्ज तेजी से बढ़ा है। कर्ज के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो राज्य के हर नागरिक पर 41 हजार रुपये का कर्ज है। मार्च 2016 के अंत तक यह 13,853 रुपये होने का अनुमान लगाया गया था, जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह 10,896 रुपये दर्ज किया गया था।

मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति को इस बात से समझा जा सकता है कि पिछले वर्ष 2022-2023 में राज्य ने 2.79



लाख करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया था, जबकि सरकार पर 3.31 लाख करोड़ रुपये का बढ़ता कर्ज था। यहां तक कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए शिवराज सरकार द्वारा इस साल मार्च में पेश किया गया 3.14 लाख करोड़ रुपये का आत्मनिर्भर वार्षिक बजट भी राज्य पर कुल 3.29 लाख करोड़ रुपये के कर्ज को पार नहीं कर सका। मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर दो दशकों से अधिक समय से रिपोर्टिंग कर रहे वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत त्रिवेदी कहते हैं कि 2005-2006 से आर्थिक ढांचा बिगड़ना शुरू हो गया था, लेकिन 2008 के बाद आए भारी बदलावों ने स्थिति को और खराब कर दिया है। लोग केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को समझते हैं, जिसे सरकार उजागर करती है लेकिन यह राज्य की आर्थिक स्थिति के तथ्यात्मक आंकड़ों के बारे में विस्तार से नहीं बताती है। राज्य की अर्थव्यवस्था की गहराई को एक हद तक पारदर्शी होना चाहिए जिसे एक आम आदमी समझ सके। उदाहरण के लिए सकल घरेलू उत्पाद बहुत अधिक हो गया है, लेकिन क्या यह दैनिक जीवन में रिफ्लेक्ट होता है। कमलनाथ की 15 महीने की सरकार में वित्त मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तरुण भनोट ने कहा, भाजपा सरकार का दावा है कि उसने लोगों के विकास के लिए बैंकों से कर्ज लिया, जबकि स्थिति बिल्कुल अलग है। कांग्रेस की सरकार 26000 करोड़ रुपये पर थी, अब यह 4 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है, और राज्य में लोगों की वित्तीय स्थिति लगातार गिरती जा रही है। भनोट ने कहा, 15 महीने की सरकार के दौरान, कमलनाथ ने कई सुधार किए और नागरिकों पर कोई अतिरिक्त बोझ डाले बिना कई राजस्व संसाधन बनाए गए। शिवराज सरकार ने राज्य को 10-15 साल पीछे धकेल दिया है।

## एनसीपी में बड़ा फेरबदल, सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल बने नए कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल किया है. एनसीपी ने दो कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा की है. इसमें सुप्रिया सोले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है. इसके साथ ही सुप्रिया सोले को पंजाब और हरियाणा का प्रभारी भी नियुक्त किया है. वहीं, प्रफुल्ल पटेल को मध्य प्रदेश, राजस्थान और गोवा की जिम्मेदारी सौंपी गई है. सुनील तटकरे को राष्ट्रीय महासचिव बनाया है. इसके साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल का प्रभारी नियुक्त किया है. बता दें कि हाल में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था.उसके बाद कयास लगाया जा रहा था कि शरद पवार के भतीजे अजित पवार अध्यक्ष बनेंगे, लेकिन शरद पवार के समर्थकों और कार्यकार्ताओं ने एनसीपी चीफ से अपना फैसला वापस लेने की मांग की.

समर्थकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन भी किया. इसके बाद पवार की पेशकश पर विचार करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई. कमेटी ने भी शरद पवार को अपना इस्तीफा वापस लेने की अपील की. समर्थकों की मांग और कमेटी के फैसले को देखते हुए शरद पवार ने इस्तीफा वापस ले लिया. संगठन में बड़े बदलाव होने से अजित पवार को बड़ा झटका लगा है. क्योंकि शरद पवार ने जब इस्तीफा दिया था तो अजित पवार ने उनके फैसले का स्वागत किया था और



उन्होंने कहा था कि पवार साहब का फैसला स्वागतयोग्य है. स्वास्थ्य कारणों से पवार साहब ने इस्तीफा दिया है. हालांकि, उस समय भी समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया था. उसके बाद अजित पवार ने कहा था कि पवार साहब को अपने फैसले पर विचार करने के लिए दो से तीन दिन का वक्त देना चाहिए. अजित पवार एनसीपी के अध्यक्ष पद के दाबेदार थे, लेकिन मराठा क्षत्रप शरद पवार ने सुप्रिया सोले और प्रफुल्ल पटेल को नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर अजित पवार को झटका दिया है. हालांकि, अजित पवार अभी विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं, लेकिन उन्हें कोई नई जिम्मेदारी नहीं मिलने को लेकर राजनीति गलियारों में सवाल भी खड़े होने लगे हैं. हालांकि, जानकारों का कहना है कि शरद पवार ने पहले ही अजित पवार को महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंप रखी है. वहीं, बेटी सुप्रिया सोले को दिल्ली की राजनीति में रखे हुए हैं. एनसीपी ने महाराष्ट्र में अभी किसी भी तरह का बदलवा नहीं किया है. माना जा रहा है कि बदलाव के समय एनसीपी अजित पवार को बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है. बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का शनिवार को 24वां स्थापना दिवस है. शरद पवार ने 1999 में कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी का गठन किया था. महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का दबदबा है. बीजेपी से अलग होकर शिवसेना ने एनसीपी से हाथ मिलाया था. उसके बाद एनसीपी की अगुवाई में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने सरकार बनाया. इसमें कांग्रेस भी शामिल थी. हालांकि, शिवसेना से शिंदे गुट के अलग हो जाने के बाद महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई.

## झारखंड में सरकार की रिक्रूटमेंट पॉलिसी के खिलाफ छात्रों का दो दिवसीय बंद मिला-जुला

**रांची।** झारखंड सरकार की रिक्रूटमेंट पॉलिसी के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स एसोसिएशन और झारखंड यूथ एसोसिएशन की ओर से बुलाये गये 48 घंटे का झारखंड बंद आज से शुरू हो गया है। राज्य के ज्यादातर जिलों में इसका मिला-जुला असर दिख रहा है। बंद समर्थक संगठनों की मांग है कि झारखंड में तीसरे और चौथे दर्जे की नौकरियों में शत-प्रतिशत झारखंडियों के लिए आरक्षित किया जाए और झारखंडी उन्हें माना जाए, जिनके पूर्वजों के नाम 1932 के लैंड सर्वे के कागजात (खतियान) में दर्ज हों। सरकार ने रिक्रूटमेंट की जो पॉलिसी लाई है, उसमें इन नौकरियों में 40 फीसदी सीटें ओपन टू ऑल हैं। यानी 40 फीसदी सीटों पर झारखंड से बाहर के प्रदेशों के अभ्यर्थियों की भी बहाली हो सकती है। पिछले तीन महीनों में यह तीसरी बार है, जब इस मुद्दे को लेकर छात्र संगठनों ने झारखंड बंद बुलाया है। इस बार 10 और 11 जून को दो दिवसीय बंद का ऐलान किया गया है। रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, साहिबगंज सहित कई शहरों में बंद समर्थक सुबह से ही सड़कों पर उतरे हैं। सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी के वाहनों पर पड़ा है। राजधानी रांची में सामान्य दिनों की अपेक्षा आज कम वाहन सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजधानी से खुलने वाली अधिकांश बसों को बस स्टैंड में ही रोक दिया गया है।

## महापंचायत के बाद साक्षी बोलीं- जबतक समाधान नहीं होगा तबतक नहीं खेलेंगे एशियन गेम्स

**नई दिल्ली।** पहलवानों के समर्थन में शनिवार (10 जून) को हरियाणा के सोनीपत में खाफ महापंचायत आयोजित हुई. महापंचायत में फैसला हुआ कि 15 जून तक सरकार कोई फैसला नहीं लेती है तो पहलवान फिर से धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे. इसी बीच पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की. मीडिया से बातचीत करते हुए साक्षी ने कहा कि हम एशियाई खेलों में तभी हिस्सा लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा. आप नहीं समझ सकते कि हम मानसिक रूप से हर दिन क्या कर रहे हैं. इससे पहले पहलवान बजरंग पूनिया ने




कहा कि वह केंद्र सरकार और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से जो बातचीत की है, उसे इस महापंचायत में रखेंगे. उन्होंने कहा कि हमारे साथ जो लोग खड़े हैं या जो पंचायत साथ दे रही है, उसके सामने हम सरकार से हुई बातचीत का मुद्दा रखेंगे. पहलवान विनेश फौगाट ने कहा कि बृजभूषण सिंह पर राजनीतिक ताकत और झूठे नैरेटिव चलाकर महिला पहलवानों को परेशान करने का आरोप लगाया. विनेश फौगाट ने कहा कि जबतक बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तबतक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा. बता दें कि हरियाणा के सोनीपत की छोटूराम धर्मशाला में महापंचायत आयोजित हुई. पहलवानों ने अपने समर्थकों के लिए यह महापंचायत बुलाई है, महापंचायत में सभी किसान संगठन और गैर राजनीतिक दल शामिल हुए. बता दें कि पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है. महिला पहलवान अप्रैल माह से दिल्ली के जंतर मंतर प्रदर्शन कर रहे हैं. 28 मई को पहलवानों ने संसद घेराव का ऐलान किया था. हालांकि, पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक लिया था. साथ ही दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर लगे तंबू को उखाड़ दिए थे. इसके बाद महिला पहलवानों ने अपने समर्थन के लिए कई महापंचायतें आयोजित की है. उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर और हरियाणा के कुरुक्षेत्र के बाद शनिवार (10 जून) को सोनीपत में महापंचायत आयोजित की है.

## पंचायत चुनाव से पहले मुर्शिदाबाद में तनाव, पुलिस ने लोगों को खदेड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है. पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 8 जून से लेकर 15 जून चलेगी. नामांकन के पहले ही दिन मुर्शिदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि दूसरे



दिन यानी शनिवार को यहां के डोमकल क्षेत्र में नामांकन पत्र जमा कराने को लेकर तनाव व्याप्त है. पुलिस ने हवा में लाठी भांजकर लोगों को भगाया. क्षेत्र में फैली तनावपूर्ण स्थिति को लेकर एक वीडियो भी सामने आया है. पश्चिम बंगाल में एक ही चरण में पंचायत चुनाव होंगे. पंचायत चुनाव के लिए 8 जुलाई को वोट पड़ेंगे, जबकि 11 जुलाई को मतगणना होगी. मुर्शिदाबाद के डोमकल इलाके में पंचायत चुनाव के लिए प्रखंड विकास अधिकारी दफ्तर के पास नामांकन पत्र जमा कराने को लेकर तनाव हुआ है. इस दौरान लोगों की भारी भीड़ वीडियो कार्यालय के पास जुट गई और बवाल करने लगी. वीडियो में लाठी डंडे लिए लोगों को पुलिस भगाती हुई नजर आ रही है.

## मोगादिशु होटल हमले में 9 लोगों की मौत

**मोगादिशु।** मोगादिशु के एक बीच होटल में हुए हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सोमालिया पुलिस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार रात के हमले में शामिल सभी सात अल-शबाब लड़ाकों को मारने के बाद लीडो बीच के अंदर स्थित पर्ल बीच होटल में सुरक्षाबलों ने सात घंटे की घेराबंदी को समाप्त कर दिया। पुलिस ने कहा



कि लीडो बीच पर शुक्रवार शाम करीब 7.55 बजे शुरू हुई इस घटना में मारे गए लोगों में छह नागरिक और तीन सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। यहां पर अक्सर प्रमुख व्यक्तियों का आना-जाना लगा रहता है। पुलिस ने कहा कि होटल में फंसे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत 84 लोगों को सुरक्षाबलों ने सुरक्षित निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि दो आत्मघाती हमलावरों ने होटल के प्रवेश द्वार पर खुद को उड़ा लिया। इस दौरान यहां सैंकड़ों गेस्ट थे। मोगादिशु में हुए ताजा हमले की जिम्मेदारी अल-शबाब के आतंकवादियों ने ली है और कहा है कि इसके लड़ाकों ने होटल में ठहरे मेहमानों को निशाना बनाया।

## मैत्रेयी रामकृणन ने पुष्पा के गाने सामी सामी पर किया जबरदस्त डांस, रश्मिका मंदाना ने की जमकर तारीफ

**मुंबई।** वेब सीरीज नेवर हैव आई एवर स्टार मैत्रेयी रामकृष्णन ने पुष्पा- द राइज के गाने सामी सामी पर जबरदस्त डांस किया। उनका डांस देख एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। रश्मिका ने ट्विटर पर फैंस द्वारा साझा की गई क्लिप को फिर से शेयर किया, जहां मैत्रेयी सामी सामी पर डांस करती नजर आ रही है। मैत्रेयी की प्रशंसा करते हुए, रश्मिका ने लिखा- स्टनर! आपने बहुत अच्छा किया। आपको ढेरों प्यार मैत्रेयी रामाकृष्णन। रश्मिका का मैसेज देखकर मैत्रेयी अपना उत्साह नहीं रोक पाईं। उन्होंने रिट्वीट किया- अब मुझे डांस को लेकर कभी भी इंपोस्टर सिंड्रोम नहीं रहेगा। धन्यवाद रश्मिका। पुष्पा- द राइज 2021 में रिलीज हुई थी। तेलुगु भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म सुकुमार द्वारा निर्देशित है। इसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। नेवर हैव आई एवर सीजन 4 आखिरी सीजन है। यह नेटफ्लिक्स पर एक टीनएज कॉमेडी सीरीज है। यह पहला सीजन 2020 में सामने आया थी। यह भारतीय-अमेरिकी हाई स्कूल की छात्रा मैत्रेयी के चरित्र देवी के इर्द-गिर्द घूमती है।

## कैग की चेतावनी, कर्ज के चक्रव्यूह की ओर बढ़ता दिख रहा है गुजरात

**अहमदाबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्टेट फाइनेंसेज- ए स्टडी ऑफ बजट्स ऑफ 2022-23 शीर्षक से हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में सभी राज्यों के सम्मिलित जीडीपी के अनुपात में राज्यों के ऋण में गिरावट का अनुमान जताया है। उसने कहा है कि 2022-23 में राज्यों पर कर्ज का कुल दबाव 2021-22 के जीडीपी के 31.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में जीडीपी का 29.5 प्रतिशत रह गया है। हालांकि, अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं और सभी राज्य सरकारें लोकलुभावन योजनाओं पर जोर दे रही हैं। ऐसे में इस बात की चिंता बढ़ रही है कि यह कर्ज बेकाबू अनुपात तक बढ़ सकता है।

गुजरात अब बढ़ते सार्वजनिक ऋण के खतरे का सामना कर रहा है, जो पिछले साल मार्च के 3.20 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.40 लाख करोड़ रुपये हो गया है। गिरते हुए राजस्व के साथ-साथ इस बढ़ते कर्ज ने विपक्षी नेताओं और स्थानीय विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा कर दी है। नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने पहले भी गुजरात को उसके बढ़ते सार्वजनिक ऋण के प्रति आगाह किया था और कर्ज के संभावित चक्रव्यूह के



जोखिम पर प्रकाश डाला था। सरकार ने इन चौंकाने वाले आंकड़ों का खुलासा 28 फरवरी 2023 को राज्य का वार्षिक बजट पेश करते हुए किया था। सेंट जेवियर्स कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर आत्मान शाह ने आईएएनएस को बताया, सपाट देखने पर गुजरात का राजकोषीय घाटा बहुत ज्यादा नहीं लगता है। हालांकि, यह विचार करना महत्वपूर्ण है कि क्या वास्तव में घाटा कम है या कम आय आधार के कारण ऐसा है। हमें यह भी मूल्यांकन करने की आवश्यकता है कि क्या कमजोर क्षेत्र के लिए सरकार पर्याप्त खर्च कर रही है। कम राजकोषीय घाटा सराहनीय है, लेकिन इसके पीछे के कारण और भी महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, गुजरात के लिए अनुमानित सार्वजनिक ऋण 3,50,000 करोड़ रुपये आंका गया था। हालांकि, संशोधित अनुमान 3,40,000 करोड़ रुपये है और अगले साल तक इसके 3,81,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। जब गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने 3 मार्च 2022 को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राज्य का बजट पेश किया, तो राजकोषीय घाटे को 36,113 करोड़ रुपये (राज्य के जीडीपी का 1.64 प्रतिशत) पर लक्षित किया गया था। संशोधित अनुमानों के अनुसार, राजकोषीय घाटा राज्य जीडीपी का 1.51 प्रतिशत रहने का अनुमान था, जो बजट अनुमान से कम था। इन चिंताओं के बावजूद, 2022-23 के लिए अनुमानित राजकोषीय घाटा (जीएसडीपी का 1.64) केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2022-23 के लिए जीएसडीपी के चार प्रतिशत की स्वीकृत सीमा के भीतर है। जैसा कि गुजरात बढ़ते सार्वजनिक ऋण और राजकोषीय उत्तरदायित्व से संबंधित चिंताओं से जूझ रहा है, यह स्पष्ट है कि राज्य के आर्थिक भविष्य की सुरक्षा के लिए इन मुद्दों के तत्काल समाधान की आवश्यकता है।



# अचानक शिवपुरी एस पी के बगले पर पहुंचे बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी के एस पी निवास से है जहाँ अचानक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री शनिवार को अचानक शिवपुरी एसपी निवास पहुंच गए जहाँ एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई। जैसे ही यह बात शोशल मीडिया के माध्यम से उनके प्रशंसकों को लगी तो एसपी निवास पर उनकी भारी भीड़ जुट गई। लोग धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक पाने को बेताब दिखे लेकिन वे लोगों के बीच नहीं आए। कुछ देर में वे एसपी निवास से निकल गए। इससे उनके भक्तों में मायूसी छा गई। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के काफिले को शिवपुरी से बाहर निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भोजन करने के बाद करीब 45 मिनट तक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एसपी बंगले पर रहे। यहां एसपी और उनके बीच लंबी चर्चा हुई। मीडिया का भी जमावड़ा लग गया। हालांकि भीड़ अधिक होने के कारण मीडियाकर्मी उनसे बातचीत नहीं कर सके। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वहां मौजूद भक्तों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कार में बैठकर गंतव्य को रवाना हो गए।एसपी ने जिले से बाहर तक छोड़ा। एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया उनकी कार की अगली सीट पर बैठकर उन्हें जिले की सीमा से बाहर तक छोड़ने गए। रास्ते भर उनका जमकर स्वागत किया गया। लोगों ने फूल मालाओं से महाराज जी को लाद दिया। एसपी खुद भक्तों से माला लेकर पिछली सीट पर बैठे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को देते गए और बागेश्वर बाबा भक्तों का अभिवादन स्वीकार करते रहे।

**मंदसौर में कथा कर लौट रहे थे धीरेंद्र शास्त्री**-बता दें धीरेंद्र शास्त्री की कथा मंदसौर जिले में हो रही थी जो शुक्रवार को ही खत्म हुई है। कथा के बाद वह अपने गृह जिले छतरपुर के बागेश्वर धाम लौट रहे थे। इस बीच में शिवपुरी में कुछ देर के लिए रुके। यहां एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया के बंगले पर पहुंच थे। यहां से वे छतरपुर रवाना हो गए।

# प्रद्युमन के समर्थन में युवा एकजुट राज्यमंत्री रांठखेड़ा पर साधा निशाना

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

पोहरी। मध्यप्रदेश विधानसभा आम चुनाव 2023 आने में अभी वक्त है लेकिन पार्टियों और उनके दावेदारों ने हुंकार भर दी है, ना केवल दावेदारों ने हुंकार भरी है बल्कि उनके समर्थकों ने भी पूरे जोश के साथ और एकजुटता के साथ मैदान में आकर अपने नेता के लिए एकजुटता का संदेश देना शुरू कर दिया है । खबर पोहरी विधानसभा क्षेत्र से है यहां भी वही स्थिति है, हर एक विधानसभा में हर एक राजनीतिक दल से एक अनार सौ बीमार की स्थिति बनी हुई है , सभी पार्टियों में दावेदारों की एक लंबी फेहरिस्त है पोहरी विधानसभा क्षेत्र से भी भारतीय जनता पार्टी , कांग्रेस में दावेदारों की कमी नहीं है ।

नगर परिषद बैराड़ के गोल पहाड़ियां स्थित मंदिर पर पोहरी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने एकत्रित होकर कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रदुमन वर्मा के समर्थन में एक मीटिंग का आयोजन किया । इस मीटिंग में युवाओं ने जमकर क्षेत्रीय विधायक सुरेश धाकड़ को कोसा, युवाओं ने हुंकार भरते हुए कांग्रेस नेता प्रदुमन वर्मा को चुनाव में पूरी तरह से समर्थन देने का ऐलान किया , उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि यहां पर वही युवा टीम चुनकर विधानसभा पहुंचाया है लेकिन उस व्यक्ति ने आज तक युवाओं को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं दी है । युवाओं की एकजुटता



उपस्थित है जिन्हें किसी से भी डर नहीं लगता जिन लोगों को किसी से डर लगता है वह इस मीटिंग में आए ही नहीं हैं और हम डरे भी क्यों क्योंकि 206 हड्डियां और खून सब में समान है । हमने एक ही व्यक्ति को 5 साल में दो बार आने वाले वक्त में भारतीय जनता पार्टी और अघोषित प्रत्याशी सुरेश धाकड़ राठखेड़ा के लिए मुसीबत बन सकते हैं क्योंकि यह वही युवा टीम है जिसने 2018 में और 2020 में दो दोनों ही बार सुरेश धाकड़ के लिए जमीनी स्तर पर अपना पसीना बहा कर जीत दर्ज कराने में अहम भूमिका निभाई है हालांकि जिन प्रदुमन सिंह वर्मा के समर्थन में युवाओं ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया है अभी उनका भी टिकट तय नहीं माना जा रहा है , माना जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी से आने वाले कैलाश कुशवाहा को कांग्रेस अपना उम्मीदवार बना सकते हैं लेकिन कांग्रेस की ओर से प्रबल दावेदारों में प्रद्युमन वर्मा का नाम सबसे ऊपर है । इसी युवा टीम में वे सभी युवा शामिल थे जो कहीं ना कहीं बीते समय में राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ के बड़े सुपुत्र जीतू धाकड़ की टीम में शामिल थे और उन्होंने जीतू के साथ मिलकर अपना पसीना बहाकर गांव-गांव और गली-गली पहुंचकर सुरेश धाकड़ को जीत दिलाने में पूरी मदद की थी लेकिन एक-एक करके यह सभी युवा दरकिनार होते गए और आज वे उस पार्टी को छोड़कर प्रदुमन वर्मा के समर्थन में आ खड़े हुए हैं ऐसा नहीं कि जातीय रूप से इस टीम में युवा आए हो बल्कि सभी जाति , वर्ग , धर्म के युवा इस टीम में शामिल थे जो प्रदुमन वर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए संकल्प लेते दिखाई दिए ।



# शातिर बदमाश चोर पुलिस की गिरफ्त में

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर।** शातिर बदमाश गणेश लोधी निवासी ग्राम टपरियन थाना ओरछा जिला निवाड़ी वर्ष 2012 के मर्डर केस में वर्ष 2018 में मिली आजीवन कारावास की सजा इसके बाद भी जमानत में रिहा होने के बाद कर रहा है ताबड़तोड़ वारदातें चोरी, मारपीट, नकबजनी, अवैध शराब बेचने व अवैध हथियार रखने के कई अपराध घटित कर चुका है । वर्तमान में उप जेल पिछोर में है अगर किसी थाना को इसकी आवश्यकता हो तो आवश्यक कार्यवाही करें ।

# खनियाधाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा एक सेन्ट्रो कार व 142 ग्राम नशीला पदार्थ कुल कीमती 21,00,000 रुपये को किया जप्त

**राकेश परिहार पिछोर**

**खनियाधाना।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह द्वारा अवैध मादक पदार्थ रखने व विक्रय करने वालों के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया तथा जीरो टालरेन्स निति अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन दिनांक 09.06.2023 को विश्वानीय मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, एक अज्ञात व्यक्ति पिछोर तरफ से अवैध मादक पदार्थ बेचने के लिये खनियाधाना तरफ जा रहा है । उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी खनियाधाना निरी. धनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर त्वरित पुलिस टीम बनाकर वुधना नदी पिछोर रोड़ पर सघन चैकिंग लगाई गई । दौराने चैकिंग मुखबिर के बताये अनुसार एक कार आती दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर पूछताछ की गई तो अपना नाम व पता निसार जुबेर खान पुत्र जुबेर खान उम्र 39 साल निवासी



रुम नम्बर 227 साई बाबा चाल जनता नगर झोपड़ पट्टी डोगरी कश्मीरा मिरा रोड़ मिरा भयंडेर ठाणे महाराष्ट का होना बताया, पुलिस द्वारा चालक एवं गाड़ी की तलासी ली गई तो उसके कब्जे से एक पारदर्शी शफेद पन्नी मे नशीला पदार्थ कुल 142 ग्राम कीमती 17,00,000 रुपये व एक सिल्वर रंग की सेन्ट्रो कार जिस पर रजिस्ट्रेशन क्रमांक रू02 ‹क्त 5739 कीमती 4,00,000 रुपये एक सफेद रंग का आईटेल कम्पनी का मोवाइल जिसमे सिम क्रमांक 8850940916 कुल कीमती 21,00,000 रुपये को जप्त कर सप्लाई चैन को ध्वस्त किया गया है । उक्त आरोपी मुम्बई के विभिन्न थानों मे एनडीपीएस एक्ट के मामलों मे पूर्व मे भी कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है । आरोपी से अन्य सप्लायरों के संबंध मे भी पूछताछ की जा रही है । आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 307/2023 धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है । उक्त कार्यवाही मे निरी. धनेन्द्र सिह भदौरिया मय उनि रणवीर सिह चौहान, सउनि अजय पटेल, सउनि अरूण कुमार वर्मा, प्र.आर. 489 जितेन्द्र रायपुरिया, आर. 781 हेमसिह गुर्जर, आर. 1081 अरूण राठौर, आर. चा. 858 सत्यवीर गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही

## पुलिस थाना करैरा द्वारा 32 बोर की पिस्टल मय दो जिन्दा राउण्ड के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में कल दिनांक 09.06.2023 की रात्रि में थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुंगावली तिराहे हाईवे रोड़ पर एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लिये वारदात करने की नियत से घूम रहा है । उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी करैरा निरी. सुरेश शर्मा द्वारा सूचना से बरिष्ठ अधकारियों को अबगत कराया एवं निर्देश प्राप्त कर मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे मुखबिर के बातये हुलिया का व्यक्ति पुलिस को पास आता देख भागने लगा जिसे पुलिस टीम की मदद से पकड़ा उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पवन पुत्र कोमल परिहार उम्र 30 साल नि0 दुर्गापुर थाना प्रेमनगर जिला झांसी उप्र का होना बताया उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर आरोपी की बांयी तरफ कमर मे एक लोहे की 32 बोर की पिस्टल व दो जिंदा राउण्ड मिले जिसे विधिवत जप्त किया गया, आरोपी के विरूध्द थाना करैरा पर धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अप क्र. 356/23 पंजीबद्ध किया गया आरोपी से बरामद शुदा पिस्टल के सप्लायरों के संबंध मे पूछताछ की जा रही है ।



**बरामद मालः- एक 32 बोर की पिस्टल मय दो जिन्दा राउण्ड के कीमती 5,000 रूपये**-उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, सउनि कमल सिह बंजारा, आर0 696 सोनू पाण्डेय, आर0 639 सोनू श्रीवास्तव , 1073 अनूप कुमार, आर0 319 चन्द्रशेखर मीणा की सराहनीय भूमिका रही ।


# अपराधों मे आरोपियों पर शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही

## पुलिस थाना मायापुर द्वारा लूट की कोशिश करने बाले आरोपियों की सूचना मिलने के 12 घंटे के भीतर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

दिनांक 08.06.2023 को सूचनाकर्ता गोपाल पुत्र विजय गिरि उम्र 22 साल निवासी मायापुर ने एक लिखित आवेदन पेश किया जिसमे आवेदक द्वारा दिनांक 06.06.2023 को दोपहर 3 बजे शिवपुरी से वापस आते समय मायापुर घाटी के पास सफेद रंग की अपाची मोटर सायकल से तीन लोग आये और उनके द्वारा फरियादी की मोटर सायकल रोककर फरियादी के आंखों पर लाल मिर्ची डालकर फरियादी के साथ बैठी उसकी पत्नी के मंगलसूत्र लूटने की कोशिश की । फरियादी द्वारा एवं व्यक्ति के मुंह की साफी हटाने एवं पहचाने जाने पर ग्राम मायापुर का अमन दुबे होना पाया एवं फरियादी के पहचाने जाने के डर से तीनों मौके से भाग गये । उक्त आवेदन पर से थाना मायापुर मे अपराध क्र 114/23 धारा 393 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । दौराने विवेचना पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 09.06.2023 को आरोपी अमन दुबे पुत्र संजय दुबे निवासी मायापुर को गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की गई जिसमे आरोपी ने अपने साथ राहुल रजक निवासी गणेशखेडा एवं राजप्रताप ठाकुर निवासी बूढौन थाना भौंती के साथ मे घटना कारित करना बताया, जिसके आधार पर आरोपी राहुल उर्फ राँकी पुत्र मुकेश रजक उम्र 20 निवासी गणेशखेडा को भी तत्काल टीम बनाकर गिरप्तार किया जाकर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है आरोपी राजप्रताप ठाकुर की गिरप्तारी के प्रयास किये जा रहे है । पुलिस द्वारा सूचना के मात्र 12 घंटों मे गिरफ्तार किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मायापुर टी.आई. पूनम सविता एवं उनकी टीम उनि चन्द्रभान सिंह भदौरिया, आऱ सुरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र, अरुण राठौर, मनीष, विक्रात शर्मा, सहदेव तोमर एवं सायबर सैल प्र.आऱ देवेन्द्र सैन की सराहनीय भूमिका रही है ।

# गोस्वामी श्री तुलसीदास जी महाराज द्वारा स्थापित कोटरी बालाजी महाराज का 578वां स्थापना दिवस का अक्टूबर में होगा आयोजन



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

श्योपुर- श्योपुर जिले के ब्रह्मपुरी गसवानी जिला श्योपुर, मध्य प्रदेश में शारदीय नवरात्र विक्रम संवत 1602 में गोस्वामी श्री तुलसीदास जी महाराज द्वारा स्थापित कोटरी वाले बालाजी का 578 वां स्थापना दिवस एवं साकेतवासी कर्मयोगी समर्थ स्वामी श्री कर्णमुनि जी महाराज द्वारा शारदीय नवरात्र विक्रम संवत 2050, कोटरी वाले बालाजी धाम ब्रह्मपुरी गसवानी मध्य प्रदेश में प्रारम्भ किया गया श्री राम चरित मानस के अखण्ड पाठ का 30 वां वार्षिक महोत्सव, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ श्रेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष,श्री मणिराम दास छावनी श्री अयोध्या जी के पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित परमश्रद्धेय परमपूजनीय प्रातः स्मरणीय सन्त शिरोमणि श्री महान्त स्वामी नृत्यगोपाल दास जी महाराज के संरक्षण में एवं श्री राम तपस्थल आश्रम ब्रह्मपुरी ऋषिकेश,श्री कोटरी वाले बालाजी धाम ब्रह्मपुरी गसवानी के पीठाधीश्वर, अनन्त श्री विभूषित श्री महान्त स्वामी नृत्यगोपाल दास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य महामण्डलेश्वर श्री स्वामी दयाराम दास जी महाराज की अध्यक्षता में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इस पावन शुभ अवसर पर अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु श्री स्वामी , श्रीराम भद्राचार्य जी महाराज,पद्मविभूषित तुलसी पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम के श्री मुखारविंद से दिव्य श्री राम कथा का अमृतमयी रस पान करने का भी अवसर भक्तों को प्राप्त होगा साथ ही एक दिवसीय बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का सत्संग कथा देव दरबार का आयोजन भी किया जाएगा।



## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बसई मैं पुलिस के विरोध मै आयोजित धरना प्रदर्शन कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री डी के शिवकुमार के दतिया आगमन के कारण स्थगित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

दिनांक 10 जून दिन शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बसई मैं पुलिस के विरोध मै आयोजित धरना प्रदर्शन कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री डी के शिवकुमार के दतिया आगमन के कारण स्थगित किया जाता है । उक्त धरना प्रदर्शन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवम समर्थकों के विरुद्ध थाना बसई द्वारा फर्जी एवम नियम विरुद्ध पंजीबद्ध प्रकरणों को लेकर पुनः 13 जून दिन मंगलवार को किया जाएगा । अतः जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण एवम पदाधिकारी गण ,युवा कांग्रेस एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस तथा सभी विभागों के अध्यक्ष गण और पदाधिकारी गण और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण प्रताड़ित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के समर्थन में धरना प्रदर्शन मैं आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।



मधयप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कॉन्ग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी द्वारा अनुमोदित एवं एमपी सरकार मे नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री डॉ गोविंद सिंह जी द्वारा आदेशित जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर जी द्वारा घोषित की। जिसमे दिमनी विधानसभा 07 के बहु चर्चित समाजसेवी डॉ राजवीर सिंह तोमर सिंचाई अध्यक्ष श्यामपुर खुर्द को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री तोमर ने अपने मनोनयन पर वरिष्ठ नेतृत्व का तहे दिल से बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। साथियों एवं वरिष्ठ जनों को बहुत बहुत बधाई एवं आभार प्रकट किया है।



## वरिष्ठ पत्रकार का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता पहलवान सिंह राजावत**





मालनपुर नगर वार्ड नंबर वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह कुशवाह एवं एल आई सी अभिकर्ता की वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें अपने घर पर परिवार के साथ केक काटा एवं बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया बड़े बुजुर्गो ने श्री कुशवाह को उपहार दिए कुशवाह ने कहा हमारी जिंदगी इतने साल बड़े उतार-चढ़ाव में गुजरे हैं लेकिन हमने कभी हार नहीं मानी भगवान पर भरोसा रखा है और हमारे परिवार वालों का भी फुल सहयोग एवं साथ रहा है और कहा कि हमारी माता पिता के आशीर्वाद से सब कुछ है फिर भी मैं अपने कर्म और कार्य करने में पीछे नहीं हटता इसी क्रम में डॉ मोह नीष तोमर ने दीनदयाल नगर अपने क्लीनिक पर कुशवाह जी का जन्मदिन के उपलक्ष में भव्य स्वागत किया एवं माला पहनाकर मिठाई खिलाकर उनको बधाई दी इस शुभ अवसर पर मौजूद रहे राम सिंह चौहान, जय सिंह राजावत, यशपाल सिंह राजावत,शिवम सिंह राजावत, दीवान सिंह भदौरिया, एवं समस्त परिवार आदि मौजूद रहे।

नगर परिषद रन्नौद में जन अभियान परिषद ब्लॉक बदरवास केरन सेक्टर में

## हार्टफुलनेस एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**



जिसमें नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारानगर परिषद रन्नौद वार्ड क्रमांक सात में बैल फेयर सोसाइटी के तत्वाधान में जन अभियान परिषद् नगर परिषद रन्नौद वार्ड क्रमांक सात के सहयोग से ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे जयपुर से पधारे मुख्य अतिथि एवम वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे और ध्यान योग के बारे में जानकारी ली। कोमल प्रसाद शर्मा विजयबोहरे सुरेश नामदेव राकेश श्रीवास्तव पवन शर्मा लाडी सरदार भरत कुशवाह कल्लू भाई साब डॉक्टर अजयबीर गोपाल सोनी महेश प्रजापति जानकी जाटव।

# बिरखड़ी में श्रीमदभागवत कथा का भव्य कार्यक्रम, 3 जून से शुरू होकर 9 जून को हुआ समापन, आज 10 जून को होगा विशाल भंडारा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

बिरखड़ी। ग्राम बिरखड़ी मे पं. श्री ओमप्रकाश शर्मा एवम श्री मुरारी लाल शर्मा उर्फ दद्दा द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा का आज समापन हो गया है जिसमे परिक्षित ओमप्रकाश शर्मा है, जिसके कथावाचक पंडित मुकेश जी महाराज थे। दिनांक 9 जून को कथा में सुदामा चरित्र व श्रीकृष्ण भगवान का पृथ्वी को छोड़ना, व परिक्षित की मुक्ति का वर्णन किया। गया। **जिसके बाद परिक्षित का विशाल भंडारा हुआ**-पंडित मुकेश जी शास्त्री द्वारा इन 9 दिनों में कथा का वक्ताओं को रसपान कराया बड़ी मधुर वाणी से वक्ताओं को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अनुभव आनंद दिलाते हुए पंडित जी ने बड़े विस्तारपूर्वक कथा को श्रोताओं के के बीच में रखा और समय-समय पर भगवान की लीलाओं की बड़ी सुसज्जित गुण पूर्ण झांकियां सजा के जनता को भाव विभोर करते हुए समझाया भगवान



श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर भगवान श्री कृष्ण और मां रुकमणी के विवाह तक की विस्तारपूर्वक धार्मिक कथाओं से लेकर भगवान की झांकियां सजाकर जनता के बीच में अपनी स्वमधुर वाणी से 9 दिन तक भगवान के रस में सराबोर कर दिया हमारे पंडित जी श्री मुकेश जी शास्त्री की मधुर भाषा रसभरी वाणी से लोग पंडालों में झांकियों के समय भगवान के रस में झूमते देखे गए और पंडित मुरारी लाल दद्दा एवं उनके अनुज भ्राता पंडित ओम प्रकाश जी शर्मा जो कथा के परीक्षित बने उन सभी ने आज 10 तारीख को कथा समापन के बाद पूर्ण भंडारे के लिए भक्तजनों से लोगों से आह्वान किया है कि वह भगवान का प्रसाद लेने के लिए पधारें और हमें आशीर्वाद प्रदान करें। मुरारी लाल दद्दा ने समस्त ग्राम वासियों से प्राप्त भरपूर सहयोग पर सभी का सहृदय से आभार व्यक्त किया।

## भाजपा सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से योजनाओं को पहुंचाने का काम सोशल मीडिया केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचा कर अधिक से अधिक संख्या में पोस्ट करें। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त की। श्री नरवरिया ने कहा सोशल मीडिया ही हमारा मुख्य आधार है और सोशल मीडिया पर जितना हम केंद्रित रहेंगे उतनी हमारे संगठन की ताकत अधिक होगी सरकार की योजना भी हम सोशल



के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे हम व्यक्ति नहीं विचार भाव से काम करेंगे तो निश्चित ही हमारी ताकत सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय होगी और लोगों को इसकी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान समय में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण रुझान जनता पर सोशल के माध्यम से बढ़ रहा है ग्रामीण और शहरी अंचल के हर केंद्रों पर सोशल मीडिया की खबर को लोग पहचानते हैं जितना प्रचार प्रसार हम केंद्र सरकार की योजनाओं को करेंगे ताकि लोगों को उसका लाभ मिलेगा उन्होंने कहा हम सोशल पर पूर्ण तरह से अपनी कमर कस कर कांग्रेसी एवं विरोधी दल द्वारा फैलाई जा रही झूठी अभाव का भी जवाब सोशल मीडिया के माध्यम से दे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा,मंत्री उपेंद्र राजौरिया, जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा, मोनू नरवरिया, वीर सिंह भदौरिया, शेखर खटीक, राजपाल भदौरिया, सज्जन सिंह नरवरिया, सुरेंद्र गौड़, अर्पित मुदगल वैभव चतुर्वेदी, राजवीर सिंह लोधी प्रमुख उपस्थित थे।

## पिं बर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुचे रुपाबई

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**



मौं, भारतीय जनता पार्टी मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के परिबार मे कुछ दिनों पहले टैक्टर पलटने से उनके भाई शतीश कुशबाह पुत्र देविन्द कुशबाह के पैर एंव हाथ पर फैक्कर हो गया था उनका हाल चाल जानने के लिये पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशबाह ग्राम रुपाबई पहुचकर हाल जाना उनके साथ पहलवान कुशबाह जिला सयोंजक दतिया संजय कुशबाह नारायण सिंह कुशबाह प्रमोद कुशबाह शैलेंद्र सिंह गुर्जर ग्वालियर ग्रामीण महामंत्री। सुल्तान सिंह बघेल ग्वालियर। राकेश पटेल। धर्मेंद्र गुर्जर सौरा।

# शराब दुकान की दीवाल तोड़कर शराब चोरी करने वाले ढाबा मालिक व उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने चोरी की गई शराब सहित पकड़ा

### पनिहार थाना पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर 3 चोरों को शराब तस्करी करते हुए पकड़ा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर जिले के समस्त थानों में अवैध शराब तस्करों तथा संपत्ति संबंधी मामलों की पतारसी कर आरोपियों व नकबजनों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के परपालन में अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर के मार्गदर्शन में एसडीओपी घाटीगाँव श्री संतोष पटेल द्वारा सर्किल के समस्त थानों में संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार की जा रही कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 10.06.2023 को एसडीओपी घाटीगाँव श्री संतोष पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पनिहार प्रवीण शर्मा की पुलिस टीम द्वारा कोमल ढाबा के संचालक को चार पहिया वाहन से 7 पेटी देशी शराब को विक्रय हेतु कोमल ढाबा ले जाते हुए पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ थाना पनिहार पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट की धारा 34(2) की कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा शराब में लगी चिट व शराब कहाँ से प्राप्त हुई इसके संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर उसने बताया कि 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर



एक दिन पहले रात को शराब ठेके की दुकान से दीवाल तोड़कर शराब चुराई थी। शराब दुकान के सेल्समेन मेरे ढाबे पर खाना खाने आये थे, उसी वक्त मैंने ढाबे में काम करने वाले लड़के व पनिहार थाने के निगरानी बदमाश के साथ मिलकर शराब को चुराया था और सभी पेटियों को घर के पास छिपाकर रखा था उनमें से देशी शराब को ढाबा में बेचने के लिए ला रहा था और अंग्रेजी शराब की बोतलें अन्य दोनों साथियों को हिस्से में दे दी थी। तीनों आरोपियों के कब्जे से 2 लाख की आल्टो कार, 1 लाख रुपये की देशी-अंग्रेजी शराब कुल कीमती 3 लाख का मशरूका 24 घण्टे के अंतर्गत पुलिस द्वारा जप्त किया गया।

**कुल बरामद मशरूका** – आल्टो कार, 1 लाख रुपये की देशी-अंग्रेजी शराब कुल कीमती 3 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया।

**सराहनीय भूमिका** – थाना प्रभारी पनिहार प्रवीण शर्मा, सउनि किशोर सिंह भदौरिया, सउनि विनोद छारी, सउनि हबीब खान, आर. रूपेंद्र शर्मा, आर. रविन्द्र जाट एवं साइबर शाखा ग्वालियर की विशेष भूमिका रही जिसकी बदौलत इस अपराध का खुलासा हुआ।

## प्रदेश में कांग्रेस सरकार आती है तो दिव्यांग जनों के लिए सरकारी जॉब: विधायक रवि जोशी



खरगोन। मां रेवा न्यास धर्मशाला जैतापुर खरगोन में मानवाधिकार सुरक्षा संघ के मुख्य संरक्षक फिल्म स्टार विवेक आनंद ओबरॉय के मार्गदर्शन में एक दिवसीय दिव्यांग सहायता समारोह कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय जिला खरगोन विधायक रवि जोशी थे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में दिव्यांग जनों के लिए कहा कि प्रदेश में अगर कांग्रेस सरकार आती है। तो सभी दिव्यांगों को एजुकेशन के आधार पर सरकारी जॉब दिए जाएंगे। क्योंकि विकलांग मेरी जान है। दिव्यांगो के हित मे बनाई शासन की किसी भी योजना से अछूता नहीं रखा जाएगा। इस उद्बोधन के साथ हाल में जमकर तालियां बजी। इसी के साथ विशेष अतिथि चेयरमैन हरीश हरिश्चंद्र गुरुजी ने कहा कि दिव्यांगों के लिए रोजगार पंजीयन चालू है। ऑनलाइन अपना पंजीयन करा सकते हैं।वह अपने जीवन में कभी हार न माने हौसला बनाए रखें। निश्चित प्रतिफल मिलेगा कर्म करोगे तो प्रतिफल जरूर मिलेगा, राजस्थान से पधारे मानवाधिकार संघ के ओमप्रकाश जी ने बताया कि मानवाधिकार सुरक्षा संघ गरीबों की हमेशा मदद करता है। संघ जल्द ही खरगोन में कई गंभीर बीमारियों के निदान हेतु निशुल्क कैंप लगाने जा रहा है। कार्यक्रम में राजस्थान के अध्यक्ष विक्रम सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम दौरान सभी सम्मानित मंचासीन अतिथियों का पुष्प हार माला से जोरदार स्वागत किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश गांगले मध्य भारत अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव पूनमचंद गांगले, कार्यक्रम आयोजन समिति जिला अध्यक्ष कमल कुमार गांगले, जिला उपाध्यक्ष नीलेश गुप्ता, जितेंद्र भालसे जिला संगठन मंत्री, राकेश पंड्या जिला महासचिव, धर्मेंद्र वर्मा जिला सचिव, संजीव बामनिया मीडिया प्रभारी, सुनील दवाने तहसील अध्यक्ष, रूपेश प्रजापत तहसील उपाध्यक्ष, डॉ. अरुणओचट तहसील अध्यक्ष सनावद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करण सोलंकी आर.के ऑडियोवीजन, व आभार प्रदर्शन कमल कुमार गांगले द्वारा किया गया।

## कंस मामा शिवराज चौहान को 2023 में सही मार्ग दिखाना होगा: मनीक्षा तोमर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल। प्रदेश कार्यालय भोपाल में रानी अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष के नेत्रत्व में आज महिला संगठन की बैठक संपन्न हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) मनीक्षा तोमर ने कहा महिलाओं को अब आगे बडकर कंस मामा शिवराज चौहान को 2023 में सही मार्ग दिखाना होगा। इस बैठक में महिला सगंठन ने 25 जून को होने वाली महारैली को सफ़ल बनाने को जिम्मेदारी भी ली और सभी जिले से महिलाओं का टारगेट भी तय हुआ। मुख्य रूप से प्रदेश एवम जिला के पदाधिकारी मोजूद रहे।

## सिटी पुलिस ने गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को मय अवैध हथियार के किया गिरफ्तार

**खरगोन से मुन्ना खान**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी के निर्देशन मे हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले गुण्डे बदमाशों की धरपकड हेतु चलाये गये अभियान के दौरान थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिंह यादव व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई। दिनांक 09/06/23 को फरियादी अंकित जैन ने बताया कि समय करीब 03.30 बजे सोमेश कटारे दो अज्ञात व्यक्तियो के साथ मेरी दुकान पर आया और सामान के लेनदेन के ऊपर से हुए मुंहवाद और मारपीट के ऊपर से मुझसे मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देने लगा, और कट्टा निकालकर कट्टे से फायर कर दिया, गोली दुकान के गेट के कांच में लगी। उक्त रिपोर्ट पर स अप.क्र. 210/23 धारा 308, 323, 294, 34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई टीम के द्वारा आज दिनांक 10/06/23 को मुखबिर की सूचना पर से दो आरोपियो सोमेश कटारे नि. शास्त्री नगर भिण्ड व छोटू उर्फ सोनू राजावत कुमार नि. भिण्ड को गिरफ्तार किया गया।आरोपी सोमेश के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा व घटना में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसायकिल क्र. एमपी 30 एमआर 9527 जप्त की गई। उलेखनीय कार्य में निरीक्षक शिव सिंह यादव,उपनिरीक्षक भदौरिया, सहायक उपनिरीक्षक मोहरसिंह नागर, प्रधान आरक्षकों में सतेन्द्र सिंह,जितेन्द्र यादव, रमाकांत शर्मा, दिलीप सविता,आरक्षकों बादल, रवि जादौन,अनिलशर्मा, दीपकराजावत, अभिषेक, सुनील की सराहनीय भूमिका रही।

सम्पादक की कलम से

# महंगाई पर नजर

शायद यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूरी है कि उसकी प्राथमिकता महंगाई पर काबू पाने की होती है। महंगाई से त्रस्त जनमानस राजनीतिक बदलाव से भी गुरेज नहीं करता है। इस साल कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों और आम चुनावों की तरफ बढ़ते देश में सरकार की प्राथमिकता महंगाई नियंत्रण होना लाजिमी ही है। जिसकी झलक देश के केंद्रीय बैंक के वीरवार को सामने आए फैसले में नजर आई। केंद्रीय बैंक ने विकास के बजाय महंगाई नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताया है। यही वजह है कि रिजर्व बैंक ने अपनी मुख्य दरों में कोई बदलाव नहीं किया। बैंक की लगातार दूसरी बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया ताकि उपभोक्ताओं की ईएमआई पर कोई असर न पड़े। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में हुई बैठक में भी नीतिगत दरें स्थिर रखी गई थी। इस बार भी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की दो दिनों तक चली बैठक के बाद गुरुवार को गवर्नर शक्तिकांत दास ने स्वीकारा की चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर निर्धारित लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का भरोसा जताया। साथ ही कहा कि शहरी व ग्रामीण मांग का मजबूत बना होना अर्थव्यवस्था के लिये अच्छा संकेत है। फिर भी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के पांच फीसदी से अधिक रहने का अनुमान है। इस आकलन की एक वजह यह भी है कि मौसम संबंधी अनिश्चितता ऐसे पूर्वानुमानों को प्रभावित कर सकती है। बैंक का मानना है कि यदि मानसून सामान्य रहता है तो महंगाई रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ही रह सकती है। कुछ आर्थिक जानकार केंद्रीय बैंक के निर्णय को सकारात्मक रूप से समायोजन की दिशा में उठाया गया कदम बता रहे हैं। उनका मानना है कि हाल-फिलहाल बाजार की इच्छा के अनुसार ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की जायेगी। आकलन है कि वैश्विक आर्थिक स्थितियों तथा मानसून के सामान्य रहने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती कर सकता है।

निस्संदेह, मौजूदा वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच यदि भारत का आर्थिक व वित्तीय क्षेत्र लचीला बना हुआ है तो यह मजबूत आर्थिक ढांचे को ही दर्शाता है। कुल मिलाकर बैंक ने आम उपभोक्ताओं की चिंताओं का ही निदान किया है। लेकिन एक बात साफ है कि केंद्रीय बैंक विकास के जोखिम के बजाय महंगाई के जोखिम को अपना प्राथमिक लक्ष्य बना रहा है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन के चलते ही केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के प्रयास सिरे चढ़ते नजर आ रहे है। जो अब सहिष्णुता की सीमा के निकट नजर आती है। जिसके चलते देश में सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य नजर आ रहा है। तभी आगामी वित्तीय वर्ष के लिये जीडीपी के 6.5 फीसदी रहने

# समृद्ध विरासत को निखारने वाला वास्तुकार



बिमल हसमुख पटेल, एक ऐसा नाम जो आज देश और दुनिया में वास्तुकला का पर्याय बन चुका है। भारतीय संस्कृति के सरोकार संजोये पिता से मिली विरासत को आगे बढ़ा रहे बिमल पटेल भारत की नई संसद का वास्तु निर्मित करके न केवल देश का गौरव बढ़ा चुके हैं, अपितु अपना नाम भी इतिहास के पन्नों में दर्ज करा चुके हैं। उनके बनाए संसद के बाह्य एवं आंतरिक स्वरूप की देश-विदेश में चर्चा हो रही है। भारत की नई संसद बाहर से ऐसा शक्ति स्थल नजर आती है, जो कि पूरे विश्व में अद्वितीय है वहीं इसके आंतरिक स्वरूप के दर्शन मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इसमें मयूर एवं कमल पुष्प पर आधारित संरचना भारतीय संस्कृति की अमर कथा कहती है।

निःसंदेह स्वदेश के कण-कण की पहचान रखने वाला और उसकी आराधना करने वाला शख्स ही ऐसा वास्तु कागज पर रेखाओं के रूप में खींच सकता है, जो कि फिर एक भव्य इमारत के रूप में सबके सामने आ पाती है। तीन दशकों से वास्तु संसार में स्थापित बिमल पटेल शहरी वास्तुकला और योजना के विशेषज्ञ बन चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का वास्तु तैयार करने से लेकर देश की नई संसद के वास्तु तक वे देश को अनेक ऐसी सौगात दे चुके हैं, जो कि अद्भुत और संपूर्ण रूप से भारतीय हैं। बिमल पटेल का जन्म 31 अगस्त, 1961 को पिता हसमुख पटेल एवं मां भक्ति पटेल के घर हुआ। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के बिमल की इच्छा एक वैज्ञानिक बनने की थी। लेकिन समय उनके लिए कुछ और रचने में लगा था। पिता हसमुख पटेल भी वास्तुकार थे और घर में वास्तु को लेकर ही दिन-रात बातें होती थी। पिता के सहयोगी और जानकार वास्तु को लेकर चर्चा करते तो बालक बिमल पटेल भी उस चर्चा का हिस्सा बन जाते, हालांकि उस समय उन आड़ी-टेढ़ी रेखाओं का अभिप्राय उन्हें समझ नहीं आता था, आता भी कैसे। वास्तुशास्त्र वह विद्या है, जिसकी परख और समझ सामान्य लोगों के वश की बात नहीं होती। अगर ऐसा होता तो देश में इतनी असामान्य इमारतें आसमान से मुकाबला करते न खड़ी दिखतीं। वे कुछ लोगों के मस्तिष्क में उपजी उस बेचैनी का आईना हैं, जो कि उन्हें ऐसा कुछ रचने को प्रेरित करती है, जो कि अभी तक कहीं प्रतीत न हुआ हो। और जिसके साक्षात्‌ होने के बाद लोग कहें, वाह! ऐसा कुछ पहली बार देखा। बिमल पटेल ने 12वीं क्लास के बाद आर्किटेक्चर की पढ़ाई शुरू की। उन्होंने सीईपीटी यूनिवर्सिटी के एंट्रेंस एग्जाम में टॉप किया और आर्किटेक्चर में डिप्लोमा हासिल किया। इसके बाद बर्कले यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया से आर्किटेक्चर में मास्टर, सिटी प्लानिंग में मास्टर और सिटी एंड रिजनल प्लानिंग में पीएचडी की डिग्री हासिल करके उन्होंने अपने इरादे जाहिर कर दिए। वास्तु को व्यवसाय कहना सही नहीं होगा, क्योंकि यह आराधना की भांति है। जब योजनाबद्ध तरीके से कोई इमारत स्वरूप लेती है तो उसके गलियारों से गुजरते हुए या फिर उसके सामने खड़े होकर उसे निहारते हुए पूजा करने जैसा ही अहसास होता है, बिमल पटेल अपने बनाए डिजाइन के जरिये इसी अहसास को जीते हैं। दिल्ली में सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट से भी वे जुड़े हैं और कर्तव्य पथ पर बगीचों का नया स्वरूप उनकी ही देन है। यह पथ देश की आन-बान-शान है और इसके दोनों तरफ का परिदृश्य बखूबी किसी वास्तुशिल्पी की पहचान बताता है, जिसे प्रकृति से गहरा प्यार है। बिमल पटेल ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भी डिजाइन किया है। काशी श्रद्धा का अमर स्थल है और यहां विश्वनाथ मंदिर का नया स्वरूप बदले भारत की कहानी कहता है। पुरातन मंदिर के आसपास के घर-दुकानों और रास्तों को जब ढहाया जा रहा था तो सवाल यही था कि आखिर ऐसा क्या बन जाएगा, जो कि भगवान शिव को समर्पित इस स्थल को गौरवान्वित करेगा, लेकिन अब उस स्थल को देखकर इसका सहज अंदाजा लग जाता है कि किसी धार्मिक स्थल को कैसा होना चाहिए। वह गर्वित, प्रेरक, संकल्पशील, प्रखर, ऊर्जावान और मनोहर होना चाहिए।

बिमल पटेल सिर्फ वास्तु तैयार नहीं करते बल्कि देश के लिए नए वास्तुकार भी तैयार कर रहे हैं। वे वर्तमान में अहमदाबाद में सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल प्लानिंग एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हैं। बिमल साल 2012 से इस विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रहे हैं। इसके साथ ही वे एचसीपी डिजाइन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख भी हैं, जिसकी स्थापना उनके पिता हसमुख सी पटेल ने 1960 में की थी। हसमुख पटेल ने भी कई प्रतिष्ठित इमारतों को डिजाइन किया था। डॉ. बिमल पटेल को उनके काम और परियोजनाओं को आगा खान अवार्ड फॉर आर्किटेक्चर (1992), वर्ल्ड आर्किटेक्चर अवार्ड (1997), यूएन सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस (1998), आर्किटेक्चर रिव्यू हाई कमेंडेशन अवार्ड (2001) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। शहरी योजना और डिजाइन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार (2003) और हडको डिजाइन पुरस्कार (2013) भी उन्हें हासिल हुआ। उन्हें 2019 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

बिमल पटेल ने देश में आवासीय, संस्थागत, वाणिज्यिक, औद्योगिक और शहरी डिजाइन और शहरी नियोजन परियोजनाओं की एक शृंखला पर काम किया है। निश्चित रूप से बिमल पटेल एक वास्तुकार के रूप में देश को ऐसी निधि सौंप रहे हैं, जो कि पूरी तरह से भारतीय है और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाती है।

# यूक्रेन का शुरू जवाबी हमला!

यूक्रेन-रूस युद्ध में अहम मोड़ आया है। सोमवार पांच जून को यूक्रेन हमलावर हुआ। यूक्रेन ने जवाबी हमला शुरू किया। वैसे इस युद्ध को लेकर दुनिया ने, हम सबमें से अधिकांश ने तय कर लिया है कि वह किसके साथ है (हालाँकि भारत अब तक तय नहीं कर पाया है!) ।को युद्ध के बारे में जानने-समझने वालों में एक वर्ग के लिए पांच जून जोश का दिन था। नहीं, मैं मजाक नहीं कर रही हूँ। यह खबर फ़्लैश होते ही कि यूक्रेन का जवाबी हमला शुरू हुआ है, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में मानों रोमांच की एक लहर सी दौड़ गई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के 468वें दिन अंततः यूक्रेन जवाबी हमले के मूड में दिखा। पश्चिमी देशों को कम से कम दो हफ्ते पहले इसके शुरू हो जाने की उम्मीद थी। कुछ तो अपना धैर्य खोने की कगार पर थे। कई हफ़्तों से यूक्रेनियाई सेना तैयारी कर रही थी। रूस और यूक्रेन के बीच 600 किलोमीटर लम्बी और दक्षिण से उत्तर-पूर्व तक फैली सीमा पर सैनिक साजो-सामान जमा किया जा रहा था। उद्देश्य था रूस की हमला करने की क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर देना। यूक्रेन की सेना रात में ड्रोन के ज़रिये दुश्मन के टैंकों और मोर्चों को नष्ट कर रही थी। सीमा से पीछे स्थित हथियारों के भंडारों और ईंधन के गोदामों पर भी हमले किये जा रहे थे। सोमवार को यूक्रेन की सेना ने डोनेत्स्क इलाके में सीमा से सटे कई स्थानों पर हमला बोला और कम से कम दो जगह रूसी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने बखमुत में कहा कि ङ्कहम इसी खबर का इंतजार कर रहे थे।ङ्क

इस जवाबी हमले की शुरुआत के लिए जो तारीख चुनी गयी वह सामरिक दृष्टि के अलावा, एक और नज़रिए से महत्वपूर्ण है। चार जून, जिस दिन हमले शुरू हुए, के दो दिन बाद ही डी-डे की वर्षगांठ है। डी-डे मतलब वह दिन जब यूरोप को नाज़ी जर्मनी से मुक्त करवाने की शुरुआत हुई थी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन की कार्यवाही को %बड़े पैमाने पर हमला' बताया है। पश्चिमी देश और प्रेस रोमांचित है कि चलिए कम से कम शुरुआत तो हुई, को ढोहने के लिए पश्चिमी मेकेनाइज्ड वाहनों का इस्तेमाल कर रहा है। हाल में ज़ेलेंस्की को पश्चिमी देशों से बड़ी मात्रा में टैंक और गोला-बारूद मिले हैं। इसी कारण पश्चिमी देश यह अपेक्षा कर रहे थे कि यूक्रेन जवाबी कार्यवाही शुरू करेगा। इन्हीं का इस्तेमाल कर यूक्रेनियाई सैनिक 5 जून की सुबह नोवोदोनेत्सके तक पहुँच गए। एक लोकप्रिय रूसी टेलीग्राम चैनल के अनुसार, ङ्कसीमा से खबर यह है कि लड़ाई हर पल और तेज होती जा रही है।ङ्क डोनेत्स्क और ज़ैपोरिज्झिया इलाके में भी सीमा पर लड़ाई तेज हो गयी है। यूक्रेन इस जवाबी कार्यवाही को %वसंत-ग्रीष्म सैन्य अभियान' बता रहा है जो शायद सितम्बर या उसके बाद तक चलेगा।


तुमसे है मेरे चेहरे पर हँसी
तुमसे से ही मुझे मिलती खुशी
तुमसे ही रहती मुझे आशा
तुम्हारे प्रेम से पाता मन की अभिलाषा
तुम्ही मेरे जीवन की पहचान हो !
तुम्हीं मेरे पुण्यों का परिणाम हो !
तुम्ही से तो घर पे रौनक, हमेशा
अपने नन्हे घरौंदे की तुम जान हो!
मेरा घर है एक मंदिर और
तुम्ही मेरे मंदिर के एक ही कन्हैया
जीवन की बहती धारा में



तुम्हीं नाव के अब बनोगे खिवैय्या !
कठिन समय पर मत घबराना बेटा नबीन !
ख़याल अपना,मेरे लिए रखना बेटा नबीन !
दुनिया से खतरनाक काँटों से ,
हमेशा सावधान रहना बेटा !
जीवन का सन्देश देतीं इन्ही पंक्तियों के साथ तुम्हे जन्मदिन की शुभकामनाएं...
**आपका बाबा केशब पंडित जी**
**पुष्पॉजली ब्यूरौ चम्बल मुरैना**




कैंसर पर छलका विक्की कौशल के पिता का दर्द

# बांध बम के जरिये विध्वंसक मंसूबे



यूक्रेन के द्नीपर नदी की धाराओं को पनबिजली में परिवर्तित करने के मकसद से काखोव्का बांध 1956 में बनाया गया था। फिलहाल यह रूसी कंट्रोल में है, नोवा काखोव्का शहर इसकी ज़द में आता है। 44 मीटर की ऊंचाई वाले बांध की परिधि में 2155 वर्गमील इलाके आते हैं, जिसमें यूक्रेन के हिस्से वाला खेरसॉन शहर भी शामिल है। 6 जून, 2023 को इस बांध के अचानक से ढह जाने से तबाही मच गई है, जिसमें यूक्रेन वाला हिस्सा सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि बांध से निकलने वाले पानी की वजह से 17 हज़ार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करना पड़ा है।

यूक्रेन वाले हिस्से में तीन लोगों के मौत की ख़बर मिली है। काखोव्का जलाशय से जापोरिजजिया न्यूक्लियर पॉवर प्लांट की कूलिंग के लिए वाटर सप्लाई की जाती है। यह एटमी प्लांट अभी रूस के हिस्से में है। आशंका है कि अगर क्षतिग्रस्त बांध के रास्ते जलाशय से बहुत ज्यादा पानी निकल गया, तो रिएक्टरों को ठंडा करने के लिए पानी नहीं बचेगा, इससे अकल्पनीय तबाही मच सकती है। काखोव्का जलाशय से एक नहर के ज़रिये रूस के कब्जे वाले क्राइमिया को भी पानी की आपूर्ति की जाती रही है। बांध के टूटने का दुष्प्रभाव वहां भी जान-माल पर पड़ा है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बांध को उड़ाने के लिए रूसी फौजों को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन क्या यूक्रेन बदले की कार्रवाई करेगा? वाशिंगटन पोस्ट ने पश्चिमी इंटेलिजेंस एजेंसियों के हवाले से ख़बर दी है कि यूक्रेनी सैनिक नार्ड स्ट्रीम-1 और 2 पाइप लाइनों को उड़ा सकते हैं, जिससे यूरोप के लिए रूस गैस सप्लाई करता है। ये पहले भी ऐसी गड़बड़ी कर चुके हैं। लेकिन लगता नहीं कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ऐसा कोई आत्मघाती क़दम उठायेंगे, वो भी ऐसे समय जब यूरोप उनके साथ खड़ा हो, और नाटो का समर्थन मिल रहा हो। 7 जून, 2023 को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने 'यूरोपियन प्रावदा' को दिये इंटरव्यू में कहा कि वाशिंगटन पोस्ट इसका सुबूत दे। राष्ट्रपति मैं हूं, और कमांडर इन चीफ वेलेरी को ऑर्डर मैं ही देता हूं।

सितंबर, 2022 में नॉर्वे की पेट्रोलियम सेफ्टी अथॉरिटी ने जानकारी दी कि नॉर्ड स्ट्रीम-1 में दो जगहों से रिसाव हुआ है। इनमें से एक स्वीडिश इकोनॉमिक जोन के पास है, दूसरा डेनिश जोन के पास। दोनों रिसाव डेनिश द्वीप बोर्नहोम के उत्तर पूर्व में हैं। नार्ड स्ट्रीम पाइप लाइन से छेड़छाड़ का शक वाशिंगटन पर भी गया था, क्योंकि यूक्रेन युद्ध से पहले अमेरिका की भृकुटि 'नार्ड स्ट्रीम वन और टू' दोनों की वजह से तनी रहती थी। उन दिनों नेटवर्क ऑपरेटर नॉर्ड स्ट्रीम एजी का कहना था, 'एक ही दिन नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों में तीन जगहों पर हुए नुकसान की घटना हैरान करती है। ऐसा पहले कभी हुआ नहीं। काखोव्का जलाशय टूटने के बाद यूक्रेन के लिए जान-माल की रक्षा का संकट उपस्थित हो चुका है। दक्षिणी खेरसोन के इलाके में केमिकल वाला पानी फैल चुका है। मछलियां बेतहाशा मरी हैं, जिससे महामारी फैलने की आशंका है। लोगों को मछलियां न खाने की चेतावनी यूक्रेन प्रशासन ने दे रखी है। एंटीबायोटिक्स और हैजारोधक दवाओं को स्टॉक किया जा रहा है। तुर्की के राष्ट्रपति रिज़ेब तैय्यप एर्दोआन ने पुतिन को फोन करके काखोव्का जलाशय तोड़े जाने की जांच किसी अंतर्राष्ट्रीय आयोग से कराने का प्रस्ताव दिया है। पुतिन ने फोन पर जवाब में एर्दोआन को कहा है कि यह बर्बर कृत्य है, हम भी चाहते हैं कि जांच हो, दूध का दूध और पानी का पानी हो। इस तरह की घटनाएं अंतर्राष्ट्रीय अपराध की श्रेणी में आती हैं, ऐसा कई विशेषज्ञ कह रहे हैं। इंटरनेशनल बार एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मार्क एलिस का कहना है, 'सैन्य जरूरतों के मद्देनजर बांध जैसे सिविलियन टार्गेट पर हमला हो सकता है लेकिन अगर नागरिकों को हुए नुकसान के मुकाबले फौजी लाभ बहुत कम हो तो इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन माना जा सकता है।' लेकिन बांध तोड़ने की वजह से किसी शासन प्रमुख या सैन्य कमांडर को शायद ही सज़ा सुनाई गई है।

यों, बांध तोड़े जाने की घटना पहली बार नहीं हुई है। फरवरी, 2022 में जब रूसी फौजें यूक्रेन की राजधानी किएव की ओर बढ़ रही थीं, यूक्रेन की सेना ने इरपिन बांध को उड़ा दिया था। इससे निकले पानी के बहाव ने रूसी टैंकों को आगे बढ़ने से रोक दिया था। दूसरी घटना सितम्बर, 2022 में हुई। तब दक्षिणी यूक्रेन में क्रेवेई री शहर में काराचुनिव्स्क जलाशय पर बना बांध मिसाइल हमले में तबाह हो गया था। इससे हज़ारों लोगों को घर-बार छोड़कर भागना पड़ा था। ठीक से देखा जाए, तो बांधों को बम के रूप में इस्तेमाल करने का अपराध अतीत में भी होता रहा है। फौजी इतिहासकार अगस्त, 1941 की घटना को बताते हैं, जब जर्मन फौज आगे बढ़ रही थी, और सोवियत सेना तेजी से पीछे हट रही थी। उस समय सोवियत कमांडरों ने जापोरिजजिया पर बने बांध और पुलों को ध्वस्त करने का फैसला लिया, ताकि शत्रु को नीप्रो नदी पार करने से रोका जा सके। वो इसमें सफल भी रहे। सोवियत कमांडरों ने नागरिकों को किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की थी। जापोरिजजिया बांध विस्फोट से 3,000 लोग मारे गए थे। काखोव्का जलाशय तोड़ने का दोष पुतिन पर मढ़ने की कूटनीति इस समय तेज़ हो चुकी है। जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्त्ज़ बांध के विध्वंस को लेकर पुतिन के विरुद्ध आक्रामक हैं। उन्होंने इसके हवाले से सिविलियन पर हमले को मुद्दा बनाया है। संभव है, यह यूरोपियन संसद में इस हफ्ते बहस का सबब बने। डब्ल्यूडीआर को इंटरव्यू देते हुए ओलाफ शुल्त्ज़ ने कहा कि पुतिन युद्ध की स्थिति से बाहर नहीं निकल कर हिंसा को बढ़ावा देने पर तुले हुए हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्रि पेस्कोव ने उल्टा यूक्रेन को इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराया है। चीन ने बांध वाले इलाके में बसे लोगों को अचानक से उजड़ जाने को लेकर संवेदना व्यक्त करते हुए रूस के पाले में ही वक्तव्य दिया है।

बांध को तोड़ने के लिए कौन दोषी है, यह तय नहीं हो पा रहा है, लेकिन आरोपों के प्रक्षेपास्त्र दोनों तरफ से दागे जा रहे हैं। भारत ने काखोव्का बांध के विध्वंस पर कोई आधिकारिक बयान अब तक जारी नहीं किया है। पिछले दिनों पीएम मोदी जब हिरोशिमा में थे, यूक्रेन विवाद सुलझाने का आग्रह उनसे किया गया था। ऐसे माहौल में क्या पुतिन भारत में आहूत जी-20 की शिखर बैठक में आ पायेंगे? यह भी एक बड़ा सवाल है।

# कांग्रेस का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है,कि कोई कमजोर व्यक्ति चुनाव लड़ने का मन न मनाए। अब भलमनसाहत का जमाना नहीं है। साम- दाम- दंड- भेद से चुनाव लड़ने की जरुरत है। यदि कोई लाठी लेकर आए तो लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने यह बात संस्कृति गार्डन में जिलास्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर अतिथि कही। डॉ सिंह ने भाजपा सरकार पर भ्र्ष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले भ्रष्टाचार करने वालों को सबक सिखाया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के राष्टीय शिव भाटिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ.गोविंद सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का कहना है,कि हम जो वचन देंगे उसे पूरा करेंगे। जनता पूरी तरह से मन बना चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है। लेकिन हमें अतिविश्वास में नहीं रहना है। जनता हमें सरकार सौंपना चाहती है। लेकिन



हमें भी जनता के लिए कुछ करना होगा। इसके उपरांत राष्टीय सचिव श्री भाटिया ने कहा कि प्रदेश की जनता हमें वोट देना चाहती है। हमें मतदाताओं के सामने इतने प्यार से झोली फैलाना होगी कि वह खुद के वोट के साथ अपने परिवार एवं परिचित लोगों के भी वोट झोली में डाले और डलवाए।

श्री भाटिया ने अपने वक्तव्य के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसा,साथ ही कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाले कांग्रेस के लोग नहीं थे,बल्कि वे महल के लोग थे। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है,कि जयचंदों को सबक सिखाना है। कार्यक्रम में गोहद विधायक मेवाराम जाटव,पूर्व मंत्री चौ. राकेश सिंह चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह,खिजर मोहम्मद कुरैशी,शहर जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## यूपीएस रेंटल सर्विस इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड का हुआ उद्घाटन

पुष्पाजंली टुडे

मुम्बई- साकी विहार रोड साकीनाका स्थित यूपीएस रेंटल सर्विस इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड शौरूम का भव्य उद्घाटन शनिवार को किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल गलगली, हरि विलास, किशोर धमाल, रतीलाल, देवाराम कुर्ला, नरपत सिंह एवं सीरवी समाज के बंधु प्रमोद , रामलाल, पिताराम, नगाराम, अमरचंद, चंदाराम, किशोर , चुन्नीलाल, हंसाराम, बद्रीनारायण, मोहन राठौड़, जगदीश, एडवोकेट भरत, जगदीश देवड़ा, सुमेर सिंह, राजाराम, विजय भाई, प्रकाश, मांगीलाल, पुनाराम, रविंद्र चौधरी, प्रवीण भाई, हंसाराम पुणे, पर्वत सिंह, शैतान सिंह, दशरथ सिंह, जीवाराम, तुलसाराम, भेरूलाल, आजम भाई, बारी भाई, साकिर भाई, हबिदुलाभाई, मानाराम, और मुंबई क्रिकेट खेल परिवार के सदस्य और सीरवी समाज के पदाधिकारी एवं महिलाएं बहनों एवं समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जितुभाई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।

## थाना कोतवाली निरीक्षण के दौरान दतिया एसपी ने टीआई विजय सिंह तोमर की प्रशंसा कर किया पुरुस्कृत

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



दतिया-दतिया के कोतवाली थाना निरीक्षण के दौरान सरहानीय कार्य करने पर दतिया एसपी प्रदीप शर्मा ने कोतवाली टीआई विजय सिंह तोमर की प्रशंसा व नगद पुरुष्कार से किया पुरष्कृत।यह पुरुस्कार उन्हें दतिया एसपी महोदय द्वारा थाना निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के चलते मिला है।वहीं दतिया एसपी महोदय ने टीआई विजय सिंह तोमर की प्रशंसा करते हुए उनके कार्य की सराहना भी की।आपको बता दे थाना प्रभारी विजय सिंह तोमर एक सुलझे व कुशल थाना प्रभारी हैं जो अपनी कार्यशेली के चलते हमेसा चर्चा में रहते हैं।

## सीरवी समाज आईमाता बडेर कनकपुरा रोड ट्रस्ट की महिला मंडल का गठन

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। कनकपूरा रोड़ स्थित सीरवी समाज आईमाता बड़ेर जरगनहली में कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग रखी गई, जिसके साथ महिलाओं को भी आंमत्रित किया गया। जिसमें समस्त महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । इस कार्यक्रम में सीरवी समाज माहासभा कर्नाटका महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमति लीलाबाई चोयल ने समस्त महिलाओं की अनुमति से महिला सदस्य कनकपुरा रोड़ से सुखीदेवी हाम्बड़ ,शौभा देवी पंवार को कार्य भार संभालने की जवाबदारी दी गई । लिला बाई ने बताया कि सीरवी समाज को कड़ी से कड़ी जोड़ने और नई ऊर्जा देने के लिए और महिलाओं की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । मिटींग का शुभारंभ आईमाता आरती दीप प्रज्वलित कर सभा का आयोजन। हुआ इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष पेमाराम गहलोत ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी ।



## दर्जनों युवाओं ने नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के समक्ष ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

दैनिक पुष्पांजली टुडे



लहार । लहार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरखड़ी के लगभग एक दर्जन दोहरे समाज के युवाओं ने नेता प्रतिपक्ष लहार विधायक डॉ. गोविंद सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, मिहोना ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रबल दोहरे ने सभी युवाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। ग्राम बिरखड़ी के गौरव, अभिनव अनुष, मनीष, बाबी, कबीर, मुनेंद्र,अमन, अनिमेष, संजय, नीरज आदि युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों से प्रभावित होकर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंदसिंह के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए लहार में नेता प्रतिपक्ष के निवास पर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी एवं डॉ. गोविंदसिंह को चुनाव में विजय बनाने का संकल्प लिया,इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजाबाबू सेंगर कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जयेंद्र सिंह एवं मिहोना ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रबल दोहरे तथा सौरव सिंह ररी भी उपस्थित रहे।

### जिला सचिव परिहार के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

## क्षेत्रीय विधायक व जिलाध्यक्ष ने केक खिला कर दी जन्मदिन की बधाई,राजेंद्र ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वालों का जताया आभार

**गोहद,,,** कांग्रेस पार्टी के नौजवान युवा नेता राजेंद्र सिंह परिहार के जन्मदिन पर उनके गृह नगर गोहद के सिंचाई विभाग विश्राम ग्रह पर रखे गए एक विशाल बब्बू जन्मदिन कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक व जिला अध्यक्ष सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों का इष्ट मित्रों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दीइस मौके पर क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव ने कहा मुझे खुशी है कि पार्टी के युवा नेता जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने कम उम्र कम समय में इतनी जल्दी राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने का जो ख्वाब उन्होंने अपने मन में जगाया है वह वाकई तारीफ काबिल है क्योंकि कई युवा नेता राजनीति तो कर रहे हैं पर उनके अंदर राजनीति करने का हुनर राजेंद्र सिंह जैसा नहीं दिखता इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि आने वाले समय इन्हें कामयाबी के साथ-साथ नई नई सीढ़ियां चढ़ने का इनके अंदर जज्बा पैदा करेंइस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहां राजनीति तो मैं भी कई समय से कर रहा हूं लेकिन मुझे पार्टी के वरिष्ठ जनों तक संपर्क बनाने में काफी समय लग गया लेकिन पार्टी के जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने आज वह कहावत सिद्ध करके दिखा दी है जिसे कहते हैं गागर में सागर भरना यानी कम उम्र में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचना फिर उनसे संपर्क बनाना एक बड़ी बात हो जाती है इसलिए मुझे खुशी ही नहीं बल्कि विश्वास भी है कि इस कांग्रेस पार्टी को एक होना संघर्षशील युवा नेता मिला है इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगा कि इस होनहार युवा नेता राजेंद्र के आने वाले समय में कामयाबी इन्हें गले लगाती रहेइसके साथ ही जन्मदिन के उपलक्ष में बधाई देने के लिए उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों एवं पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं इष्ट मित्रों का जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार अपने तहे दिल से आभार प्रकट किया इस अवसर पर बधाई देने वालो मैंनेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ गोविंद सिंह जी विधायक लहार कांग्रेस नेता देवाशीष जरारिया लोकसभा प्रत्याशी भिंड दतिया कांग्रेस नेता डॉ हीरालाल अलावा विधायक मनावर कांग्रेस नेता अनिरुद्ध प्रताप सिंह प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता रवि राहुल वर्मा जयस प्रवक्ता रविराज बघेल जयेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजू पटेल आशीर्वाद शर्मा महासचिव कांग्रेस भिंड शालू पुरोहित प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राम शर्मा नगर कांग्रेस कमेटी विनय मुद्गल मालनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव राकेश तोमर कुलदीप गुर्जर जी जिला महासचिव कांग्रेस नेता श्री केशव देसाई जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस नेता धर्मवीर दिनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीदी श्रीमती रेखा बसेड़िया कांग्रेस नेता अमर सिंह कैलाश माहौर मयूर पठान ब रमजान खान बृजेश चौरसिया अवधेश शुक्ला जिला सचिव विजय निगम जिला महासचिव बबलू भैया भाई जीतू गुर्जर भाई महेश कौशल विजय राठौर धर्मेंद्र माहौर गौरव कोली पवन राठौर विशाल बाथम उदय परिहार सुनील माहोर सूरज प्रजापति चौधरी राजू सिंह राठौर योगेश सिंह परिहार मुनेश सिंह परिहार प्रताप परिहार राजा परिहार आकाश परिहार रिंकू परिहार अभिषेक निगम आकाश परिहार आकाश परिहार जोगेंद्र परिहार कमल सिंह परिहार मनीष परिहार आनंद प्रजापति देव प्रजापतितेज सिंह जादौन सुनील माहोर कृष्ण माहोर उपस्थित रहें।



## युवा कांग्रेस ने विशेष भर्ती अभियान में आये युवाओं के लिए ठंडा पेयजल और स्वलपाहार उलब्ध करवाया



आज विकासखंड कार्यालय, आमला में कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा जिला प्रशासन और आजीविका मिशन के सहयोग से विशेष भर्ती अभियान हेतु रजिस्ट्रेशन, साक्षात्कार तथा नियुक्ति प्रक्रिया आयोजित की गई । जिसमें शामिल होने आये आमला सहित दुरदराज के युवा भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भी परेशान होते रहे, यहाँ भर्ती अभियान के लिए आई कैपिटल सिक्योरिटी कंपनी, 250 रूपये पंजीयन शुल्क लेने के बावजूद भी युवाओं के लिए पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधा की व्यवस्था भी नहीं करवा सकी, परेशान युवाओं की मदद के लिए जिला युवा कांग्रेस (शहर) अध्यक्ष - विजय पारधी ने अपने साथियों के साथ भर्ती स्थल पर पेयजल और स्वलपाहार की व्यवस्था उपलब्ध करवाई ।

# मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने गुलामी की बेडियां तोड़ी, राजपथ अब कर्तव्य पथ बना: तरुण चुघ

ग्वालियर। चंद लोग जिन्होंने अपनी ही पार्टी में लोकतंत्र समाप्त कर दिया और परिवारवाद, वंशवाद और भ्रष्टाचार को आगे बड़ाने का काम किया उन्हें जनता ने पूरी तरह नकार दिया। आज वही कुंठित मानसिकता के लोग इक्कठा होकर देश में कमजोर और लंगड़ी सरकार लाने के मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। लेकिन देश की 135 करोड़ जनता ने तय किया है की देश में लंगड़ी नहीं नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तगड़ी (मजबूत) सरकार फिर से लाना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय महासचिव तरुण चुघ ने नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को ग्वालियर के महाराज बाड़ा स्थित टाउन हॉल में आयोजित सोशल मीडिया एंफ्लूऐंसर्स मीट को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी जीतू जिराती, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर और जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने भी संबोधित किया।

बड़ते भारत को देखकर वैश्विक स्तर पर शक्तियां भारत के खिलाफ षडयंत्र रच रही है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत के कुछ राजनैतिक दल उन देश विरोधी शक्तियों के टूलकिट बनकर काम कर रहे है। उनके नेता विदेशों में जाकर मदर ऑड़ डेमोक्रेसी कहे जाने वाले भारत के लोकतंत्र को बदनाम करते है। हमे इन षडयंत्रों को समझना होगा। सतर्क और सजक होकर एक सैनिक की भांति सोशल मीडिया वोरियर्स की भूमिका में आकर भारत की लड़ाई लड़नी पड़ेगी और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक सच ले जाना होगा। चुघ ने कहा कि 2004 से 2014 तक जब श्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो 10 जनपथ से श्रीमती सोनिया गाँधी ने एक तानाशाह की तरह सरकार चलाई। यूपीए के 10 सालों में जब एक के बाद एक घोटाले होते थे तो सरकार के मंत्री या तो जेल में या बेल पर थे। कांग्रेसकाल में भारत की छवि दुनिया में गिर चुकी थी। चारों और हताशा और निराशा का वातावरण था, तब देश की जन आकांक्षा के अनुरूप 26 मई को नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और लोकतंत्र के मन्दिर सदन की दहलीज पर शीश झुकाते हुए कहा कि मेरी सरकार गरीबों की सरकार है, मेरी सरकार देश के नौजवानों और महिलाओं के सपने पुरे करने वाली सरकार है। चुघ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि इन 9 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने जीवन का पल-पल और हर क्षण सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित किया है।

उन्होंने कहा कि पहले योजनाएं कागजों की धूल फांकती रहती थी। आज एक ही कार्यकाल में योजनाएं बनती भी हैं और




जमीन पर उतरती भी हैं। शिलान्यास और उद्घाटन दोनों एक ही कार्यकाल में होता है। पहले बिचौलिए लाभार्थियों का पैसा खाते थे, आज बिचौलिया संस्कृति खत्म हो गयी है। भ्रष्टाचार के दीमक को ख़त्म किया जा रहा है। राष्टीय महासचिव ने कहा कि बीते 9 सालों में भारत ने गुलामी की बेड़ियाँ तोड़ी हैं। राजपथ अब कर्तव्य पथ है, रेस कोर्स रोड अब लोक कल्याण मार्ग है, इंडिया गेट पूरी तरह बदल गया है। जहां पर जार्ज पंचम की मूर्ति थी आज वहां सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सोचने के स्केल को ऊपर उठाया है। धारा 370 धाराशायी हुआ, ट्रिपल तलाक की कुप्रथा ख़त्म हुई और आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक हुआ, एयर स्ट्राइक हुआ। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी तेज गति से चल रहा है। चुघ ने कहा कि बीते 9 वर्षों में लगभग 48 करोड़ लोगों के जन-धन एकाउंट खुले, उज्ज्वला योजना के तहत साड़े 9 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गये, लगभग साड़े तीन करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई, 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया, 10 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है और लगभग 12 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ से अधिक गरीबों को घर दिए गए और हर घर में बिजली, पानी, गैस, शौचालय और आयुष्मान कार्ड पहुँचाया गया। देश के लगभग 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नेहरु और गाँधी परिवार के गरीबी हटाओं के नारे सुने लेकिन हकीकत में कुछ नहीं किया। मोदी जी ने गरीबों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि जिस ब्रिटेन ने भारत में 250 वर्षों तक राज किया आज उस ब्रिटेन को पछाड़कर भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, आने वाले वर्षों में हम तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। राष्टीय महामंत्री चुघ के साथ मंच पर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, प्रदेश शासन के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी जीतू जिराती, जिला प्रभारी अरूण चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, लोकसभा संयोजक कमल माखीजानी उपस्थित थे।

**राष्टीय महामंत्री ने प्रबुद्धजनों से किया संपर्क माँगा समर्थन**-राष्टीय महामंत्री तरुण चुघ ने मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पुरे होने पर संपर्क से समर्थन के अंतर्गत शहर के प्रबुद्धजनों के निवास पहुंचे और उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर केन्द्रित साहित्य भेंट कर उनसे चर्चा की। चुघ ने गायक ओम सिंह चौहान और किशोर सिंह चौहान के मुरार स्थित निवास, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बीआर श्रीवास्तव के कैंसर पहाड़ी पर स्थित निवास स्थित तथा संगीतकार प्रभाकर लक्ष्मण गोहदकर जी के कुटुंब अपार्टमेंट स्थित निवास पहुंचकर उनसे भेंट की।

नाबालिग पहलवान के बयान बदलने पर बवाल शुरू

# विनेश बोली- डर के माहौल में क्या इंसाफ मिलेगा?, टिकैत बोले-बृजभूषण को क्लीन चिट दी जाएगी



**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ (ङ्खस्नढ्ढ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान के बयान बदलने पर बवाल शुरू हो गया है। सबसे पहले विनेश फोगाट ने इस पर चुप्पी तोड़ी। विनेश ने कहा- %%डर और भय के माहौल में क्या बेटियों को इंसाफ मिल पाएगा ये बेटियाँ एक-एक करके हिम्मत ना हार जाएं इंसाफ की इस लड़ाई में हो रही देरी के कारण परमात्मा सबको हिम्मत दे। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा-%% पोक्सो एक्ट में केस वापस नहीं हो सकता, कोर्ट में बयानों में हेराफेरी की जा सकती है। 2 महीने से भारत सरकार इस मुद्दे में लगी रही, पूरी मीडिया लगी रही। लगातार पहलवानों को बदनाम करते रहे। एक नाबालिग बच्ची क्या भारत सरकार का मुकाबला कर लेगी? इनको शर्म नहीं आई। अगर बृजभूषण पर उसी वक्त कार्रवाई हो जाती तो क्या पीड़िता अपने बयान बदलती?। धीरे-धीरे पहलवानों को ही गलत साबित कर दिया जाएगा। बृजभूषण को पाक साफ करार दिया जाएगा।नाबालिग पहलवान ने बृजभूषण पर लगाए यौन शोषण के आरोप वापस ले लिए हैं। अब सिर्फ भेदभाव की शिकायत रखी है। इससे बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को झटका लगा है। नाबालिग पहलवान के बयान बदलने से बृजभूषण के ऊपर लगा क्कह्रष्टस्ह्र एक्ट हट जाएगा। ऐसे में अब कानूनन बृजभूषण की तुरंत गिरफ्तारी अनिवार्य नहीं होगी। बृजभूषण पर अब बालिग महिला पहलवानों के छेड़छाड़ के आरोप रह गए हैं, जिनमें कानूनी तौर पर तुरंत गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। उधर, आरोप वापस लेने वाली नाबालिग पहलवान के पिता ने कहा है कि उन्होंने यौन शोषण की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अपनी बेटी के साथ हुए कथित अन्याय का बदला लेने के लिए उन्होंने ऐसा किया। नाबालिग पहलवान के पिता ने कहा- अच्छा यही है कि सच कोर्ट की बजाय अभी सामने आ जाए। सरकार ने मेरी बेटी के मामले में निष्पक्ष जांच करने का वादा किया है। इसलिए मैं अपनी गलती सुधार रहा हूं।

वहीं केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मीटिंग के बाद पहलवान 15 जून तक का इंतजार कर रहे हैं। ठाकुर ने भरोसा दिया कि 15 जून तक दिल्ली पुलिस इस केस की चार्जशीट कोर्ट में पेश कर देगी। पहलवान भले ही बृजभूषण की गिरफ्तारी पर अड़े हों लेकिन ये अब दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर निर्भर करेगा। उधर, अयोध्या में जनचेतना रैली के रद्द होने के बाद अब बृजभूषण 11 जून को कैसरगंज में एक बड़ी जनसभा करेंगे। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर बृजभूषण शरण सिंह ये विशाल रैली कर रहे हैं। जिसमें 11 लाख लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद लगाई जा रहा है। दिल्ली पुलिस के पास दर्ज स्नढ्ढक्र में नाबालिग पहलवान व उनके पिता ने कहा- 16 साल की उम्र में झारखंड के रांची में नेशनल गेम्स म

जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीता। यहीं पर फोटो लेने के बहाने बृजभूषण ने जबरन बेटी को अपने करीब खींचा। उसे बाहों में इतना कसकर जकड़ लिया कि वह खुद को छुड़ाने के लिए हिल तक नहीं पाई। बृजभूषण हाथ उसके कंधे से नीचे ले गया। बृजभूषण ने उनकी बेटी से कहा कि तुम मुझे सपोर्ट करो और मैं तुम्हें सपोर्ट करूंगा। पहलवान बोली कि मैं अपने बलबूते यहां तक आई हूं और मेहनत करके आगे तक जाऊंगी। बृजभूषण ने कहा कि एशियन चैंपियनशिप के ट्रायल जल्द होने वाले हैं। कोऑपरेट नहीं किया तो खमियाजा ट्रायल्स में भुगतना पड़ेगा। बृजभूषण ने नाबालिग पहलवान को कमरे में बुलाया। नाबालिग पहलवान प्रेशर में थी कि उसका करियर बृजभूषण बर्बाद न कर दे इसलिए वह मिलने चली गई। वहां पहुंचते ही बृजभूषण ने उसे अपनी तरफ खींचा और जबरदस्ती शारीरिक संबध बनाने की कोशिश की। नाबालिग पहलवान इससे पूरी तरह सहम गई। उसने किसी तरह खुद को छुड़ाया और कमरे से बाहर भाग निकली। 2022 के मई महीने में एशियन चैंपियनशिप के ट्रायल हुए बृजभूषण के कहने पर नाबालिग पहलवान के साथ भेदभाव किया। इसी ट्रायल में एक और बात हुई। ट्रायल में एथलीट के स्टेट से ही रेफरी और मैट चेयरमैन, दोनों नहीं हो सकते। नाबालिग पहलवान के ट्रायल के दौरान उसे दिल्ली के पहलवान के साथ लड़ाया गया जिसमें रेफरी और मैट चेयरमैन दोनों दिल्ली से थे। यह नियमों का उल्लंघन था। नाबालिग पहलवान ने वहीं पर इसका विरोध किया तो उससे दो-टूक कहा गया कि उसे खेलना होगा, वरना दूसरे एथलीट को वॉकओवर यानी विजेता घोषित कर दिया जाएगा। नाबालिग पहलवान के मैच के वक्त रिकॉर्डिंग को स्विच ऑफ और ऑन किया जाता रहा ताकि वीडियो में गड़बड़ी कर सकें। नाबालिग पहलवान व उसके पिता ने पहले दिल्ली पुलिस को बयान दिए। फिर 5 जून को सुप्रीम कोर्ट में जाकर बयान बदल दिए। हालांकि पहले यौन शोषण और अब भेदभाव में से कौन सा बयान अंतिम रहेगा, यह सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर है। अगर सुप्रीम कोर्ट ने यौन शोषण के बयान सही माने तो फिर बृजभूषण की मुश्किलें बढ़ सकती है। इससे पहले बुधवार को रेसलर बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक की दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ 6 घंटे की मैराथन मीटिंग हुई। जिसमें पहलवानों ने केंद्र को कार्रवाई के लिए 15 जून तक का टाइम दिया। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा-%% अच्छे माहौल में संवेदनशील मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई। मीटिंग में आरोपों की जांच कर 15 जून तक चार्जशीट दायर करने, ङ्खस्नढ्ढ का चुनाव 30 जून तक करने, ङ्खस्नढ्ढ में महिला अध्यक्ष की अगुआई में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने, ङ्खस्नढ्ढ के चुनाव होने तक ढ्ढह्र की एडहॉक कमेटी पर 2 कोच का नाम प्रस्तावित करने और फेडरेशन के चुनाव में खिलाड़ियों से रायशुमारी पर सहमति बनी। निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह व उनसे संबंधित लोग चुनकर न आएं, ये रेसलर्स की मांग की थी। महिला खिलाड़ियों को जरूरत के अनुसार सिक्योरिटी मिले। जिन खिलाड़ियों, अखाड़ों या कोचों के खिलाफ केस हैं, उन्हें वापस लेने की मांग की गई। ङ्खस्नढ्ढ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन कर रहे पहलवानों और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच हुई मीटिंग से जुड़ी जानकारियां छन-छनकर सामने आने लगी हैं। अचानक हुई इस बैठक से सभी हैरान रह गए थे। दरअसल, इस मीटिंग की जमीन क्चछ्वक्क के ही 2 प्रमुख सांसदों ने तैयार की थी। ये दोनों सांसद जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और प्रदर्शन कर रहे ज्यादातर रेसलर्स भी जाट हैं। गृहमंत्री अमित शाह से रेसलर्स की बैठक पर पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि अमित शाह से बैठक में हम लोगों को कहा गया कि मीटिंग के बारे में बाहर बात नहीं करनी है। सरकार की तरफ से ये बातें हमें बोली गई थी। बजरंग ने एनडीटीवी से कहा- हमारी गृहमंत्री के साथ कोई सेटिंग नहीं हुई है। हमारा धरना जारी रहेगा। हमने उनसे पूछा कि बृजभूषण की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? इस पर गृहमंत्री ने कहा था कि जांच चल रही है।

# रवि शास्त्री ने कहा, आउट होने के तरीके से निराश होंगे पुजारा



**लंदन।** द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पहली पारी में चेतेश्वर पुजारा के आउट होने के तरीके से भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री बहुत निराश हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज को खुद को बेहतर तरीके से अप्लाई करना चाहिए था। पुजारा ने कैमरून ग्रीन की गेंद को छोडने् का प्रयास किया जो अंदर चली गई और स्टंप्स से जा टकराई। पुजारा महज 14 रन पर आउट हो गए और भारतीय टीम प्रबंधन को इससे ज्यादा निराशा इस बात से हुई होगी कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल भी कुछ ओवर पहले स्कॉट बोलैंड के खिलाफ इसी तरह से आउट हुए थे। शास्त्री ने कहा कि गिल युवा हैं और गलती से सीखेंगे लेकिन उन्हें पुजारा से बेहतर शॉट चयन की उम्मीद थी। पुजारा ने पिछले कुछ महीने इंग्लैंड में बिताए हैं, ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेले हैं, अप्रैल 2023 से तीन शतक और एक अर्धशतक बनाया है। शास्त्री ने मैच पर टिप्पणी करते हुए ऑन एयर कहा, उनका फ्रंट फुट ठीक नहीं था। इसे गेंद की ओर जाना चाहिए; वह गेंद को खेलना चाह रहे थे और फिर फैसला किया कि इसे छोड़ दें। आप देखिए, जिस तरह से उन्होंने गेंद छोड़ी, उनका ऑफ स्टंप एक्सपोज हो गया। फ्रंट फुट अभी भी मिडिल स्टंप पर है जबकि उसे ऑफ स्टंप की ओर जाना चाहिए था। आप उनके फ्रंट फुट को देखिए। इसे गेंद की ओर होना चाहिए। उन्होंने सोचा कि गेंद ऑफ स्टंप के बाहर है। यह निर्णय लेने में बड़ी गलती है। शास्त्री ने कहा कि पुजारा खुद आउट होने के तरीके से निराश होंगे। शास्त्री ने कहा, हम इंग्लैंड में गेंद को कैसे छोड़ें, इस पर बात करते हैं और हम हमेशा बात करते हैं कि आपका ऑफ स्टंप कहां है। उनको तो अपने ऑफ स्टंप के बारे में पता ही नहीं था कि यह कहां है। शुभमन गिल अपने फुटवर्क को लेकर थोड़ा आलसी थे। वो अभी युवा खिलाड़ी हैं, सीख जाएंगे, लेकिन पुजारा यह देखकर बहुत निराश हुए होंगे। उनका फ्रंट फुट गेंद की ओर होना चाहिए था। इसलिए बताते रहना जरूरी है कि आप समझिए कि आपका ऑफ स्टंप कहां है। भारत पहली पारी में 5 विकेट पर 151 पर संघर्ष कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया से अभी भी 318 रनों से पीछे है और आधे

# दूसरे दिन विकेट में ज्यादा रफ्तार थी - मोहम्मद सिराज




**द ओवल।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दूसरे दिन के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कल तेज उछाल था, आज गति तेज हो गई। सिराज, जो ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में चार विकेट लेने वाले भारत के सबसे सफल गेंदबाज थे, ने कहा कि उनकी टीम ने विपक्षी टीम के कुल 469 रन बनाने के बावजूद अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा = हमने भी अच्छी गेंदबाजी की (ऑस्ट्रेलियाई की तुलना में), अन्यथा वे 500-550 का स्कोर बना लेते। तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड की बल्लेबाजी को भी असाधारण बताया। सिराज ने खुलासा किया कि हेड को शॉर्ट गेंदबाजी करने की योजना थी, जिन्होंने शतक (163) बनाया था। सिराज ने कहा, लेकिन यह पहले दिन काम नहीं कर पाया। मौके बनाए गए, चार या पांच बार (मिस-हिट), गेंद मेरी गेंदबाजी के गैप में गिरी। द ओवल में अपना तीसरा टेस्ट शतक जडने् वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने सही क्षेत्रों में गेंद डाली, 5.5 से 7-मीटर लंबाई की गेंदबाजी की, स्टंप के शीर्ष पर हमला किया। वहां पिच में प्राकृतिक भिन्नता है। अपनी बल्लेबाजी के बारे में स्मिथ ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने ट्रिगर मूवमेंट को बदल दिया है। यह कुछ ऐसा है जो इंग्लैंड की परिस्थितियों में उनके लिए पहले काम कर चुका है। दूसरे दिन के स्टंप के समय भारत का स्कोर 151/5 था, जिसमें रहाणे (29) और भरत (3) का योगदान है। भारत अभी भी 318 रनों से पीछे है।

# चीनी ताइपे को 11-0 से रौंदकर भारत सेमीफाइनल में



**काकामिगहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां अपने आखिरी पूल मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से रौंदकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत ने पूल ए में भारत की स्थिति को भी मजबूत किया। भारत ने टूर्नामेंट के पूल चरण को नाबाद समाप्त किया, जिसमें तीन गेम जीते और एक ड्रॉ रहा। भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (1), दीपिका (3), अन्नू (10, 52), रुतुजा दादासो पिसल (12), नीलम (19), मंजू चौरसिया (33), सुनलिता टोप्पो (43, 57), दीपिका सोरेंग (46) और मुमताज खान (55) ने गोल किये। भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा दिखाया और चीनी ताइपे के खिलाफ लगातार हमले किए। भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (1) ने मैदानी गोल के साथ शुरूआत की, उसके बाद दीपिका (3) ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। साथ ही, अन्नू (10) और रुतुजा दादासो पिसल (12) ने पहले क्वार्टर की समाप्ति से पहले एक-एक गोल किया, जिससे भारत को 4-0 की आरामदायक बढ़त मिली। दूसरा क्वार्टर इसी तरह से जारी रहा, जिसमें भारत ने गेंद पर कब्जे और लगातार हमलों के जरिए खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। विशेष रूप से, नीलम (19) ने गोल किया, जिससे भारत ने हाफटाइम में 5-0 की बढ़त के साथ प्रवेश किया। अपनी पर्याप्त बढ़त से विचलित हुए बिना, भारत ने अपना दबदबा जारी रखा क्योंकि मंजू चौरसिया (33) और सुनीलिता टोप्पो (43) ने फील्ड गोल कर सुनिश्चित किया कि तीसरा क्वार्टर भारत की बढ़त 7-0 से समाप्त हो। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में धीमा होने का कोई संकेत नहीं दिखाया, क्योंकि दीपिका सोरेंग (46), अन्नू (52), मुमताज खान (55), और सुनेलिता टोप्पो (57) प्रत्येक ने गोल कर भारत को 11-0 से जीत दिलाई। भारतीय टीम अब 10 जून को महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में जापान या कजाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।

# अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर अमित पंघाल के कोच के बेटे का शव बरामद





**रोहतक।** बड़ी खबर रोहतक से है। यहां के झज्जर रोड पर जवाहर लाल नेहरू कैनाल में डूबे अंतर राष्ट्रीय बॉक्सर अमित पंघाल के कोच अनिल धनखड़ के बेटे 17 वर्षीय अंगद का शव चौथे दिन झज्जर के बाकरा हेड पर मिला है। शुक्रवार को अंतिम संस्कार शिमली गांव में होगा। बॉक्सर अमित पंघाल भी संस्कार में शामिल होंगे। मंगलवार को अंगद अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए झज्जर रोड स्थित कैनाल में गया था। जहां तेज बहाव के चलते डूब गया। तीन दिन तक पुलिस व एनडीआरएफ की टीम उसे तलाश करती रही। वीरवार की रात को बाकरा हेड के पास नहर में शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए झज्जर के सामान्य अस्पताल भेज दिया है। उधर, बोहर के युवक सौरभ का शव अभी नहीं मिला है। पुलिस का मानना है कि उसका शव भी बाकरा हेड के पास ही मिलेगा। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस की टीम झज्जर पुलिस से संपर्क कर रही है।

टीम इंडिया के प्रदर्शन पर बरसे हर्षवर्धन कपूर

# कहा- कोहली की कप्तानी के बिना लाचार दिखी टीम; प्लेयर्स का सिलेक्शन भी सही नहीं हुआ



अनिल कपूर के बेटे और एक्टर हर्षवर्धन कपूर इंडियन क्रिकेट टीम पर बरस पड़े हैं। हर्षवर्धन ने कहा कि टीम इंडिया बिना विराट कोहली की कप्तानी में लाचार नजर आ रही है। दरअसल इंग्लैंड में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल चल रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया खिताब के लिए एक दूसरे के सामने है। बुधवार यानी 7 मई को पहले दिन का खेल शुरू हुआ। पहले दिन टीम इंडिया के गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के विकेट्स लेने के लिए तरसते दिखाई दिए। खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रलिया के 300 से ज्यादा रन बन गए जबकि विकेट्स सिर्फ 3 ही गिरे। अब हर्षवर्धन कपूर टीम इंडिया की रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा टीम में आत्मविश्वास और जीतने की इच्छा ही नहीं है। हर्षवर्धन ने ट्वीट कर कहा- ये बहुत बड़ी ट्रैजेडी है कि विराट कोहली इस टेस्ट टीम के कप्तान नहीं हैं। उनके बिना टीम में कोई उत्साह नहीं नजर आ रहा है। खिलाड़ी बिल्कुल हताश और निराश लग रहे हैं। वे बस रोहित शर्मा के अंडर काम चला रहे हैं। टीम का सिलेक्शन भी सही नहीं रहा। अश्विन को टीम में खिलाना चाहिए था। बुमराह का चोट की वजह से बाहर हो जाना भी टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुआ। बता दें कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन टीम में तो हैं लेकिन उन्हें प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया गया है। कप्तान रोहित ने टॉस के वक्त कहा कि पिच और कंडीशन को देखते हुए अश्विन की जगह एक एक्स्ट्रा फास्ट बॉलर को मौका दिया गया। महेंद्र सिंह धोनी के इस्तीफे के बाद विराट 2015 में टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान बने थे। टेस्ट टीम की कप्तानी संभालते ही टीम इंडिया ने टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जब तक वे कप्तान रहे, टीम इंडिया वर्ल्ड की नंबर एक टेस्ट टीम बनी रही। 2021 में न्यूजीलैंड के हाथों ङ्खञ्जष्ट के फाइनल में मिली हार के बाद उनकी कप्तानी पर तलवार लटकनी शुरू हो गई। 2021 में ही टी-20 वर्ल्ड कप से पहले उन्होंने टी-20 की कप्तानी छोड़ दी।

## भारतीय रीमेक सिटाडेल के लिए वरुण धवन, सिकंदर खेर ले रहे एक्शन की ट्रेनिंग

एक्टर वरुण धवन और सिकंदर खेर सिटाडेल के अपकमिंग भारतीय रीमेक के लिए एक्शन ट्रेनिंग पर जोर दे रहे हैं।वरुण और सिकंदर ने सीक्वेंस को करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एक्टर फिलहाल एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं।प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक- सीरीज में हाई-इंटेंस एक्शन होने वाला है और यह एक स्पाई सीरीज होने के नाते इसमें मूवमेंट और फाइट सीक्वेंस में एक खास तेजी होनी चाहिए, जिसके लिए अभी ट्रेनिंग चल रही है। सीरीज के लिए जुलाई तक शूट जारी रहेगा।सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। द फैमिली मैन के निर्माता राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल उसी नाम की बड़ी इंटरनेशनल सीरीज का इंडियन काउंटरपार्ट है, जिसे ओरिजनल से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है।सीरीज के ग्लोबल वर्जन में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन हैं।

## ऐश्वर्या की फोटो पर कमेंट कर फसें विवेक अग्निहोत्री, उर्फी ने दिया ये जवाब

विवेक अग्निहोत्री आएं दिन अपने बयान पर फंस जाते हैं, जिसे लेकर कंट्रोवर्सी का शिकार हो जाते हैं. विवेक हाल ही में ऐश्वर्या राय को लेकर बयान दिए हैं. दरअसल, ऐश्वर्या राय के हुडी वाले ड्रेस को संभालने वाले व्यक्ति को लेकर कुछ ऐसा बयान दे दिया है जिससे वह चर्चा में आ गए है। बताते चले की ऐश्वर्या ने रेड कारपेट पर सोफी टंडन का डिजाइन किया हुआ गॉउन पहना हुआ है. बता दें कि बड़ी सी हुड़ी को लेकर काफी ज्यादा चर्चा हुआ है. इस पोस्ट के बाद से उर्फी जावेद ने जमकर सोशल मीडिया पर विवेक को जवाब दिया है. उर्फी ने लिखा है कि मैं जानना चाहती हूं कि आपने कौन से फैशन स्कूल से डिग्री ली है. आपको देखकर लगता है कि आपको फैशन का काफी समझ है आपको फैशन मूवी डायरेक्ट करनी चाहिए।

## कच्चे लिम्बू : नाम के अनुरूप फिल्म भी कच्ची

फिल्म की कहानी के केंद्र में मध्यमवर्गीय नाथ परिवार की पिता की आज्ञाकारी बेटी अदिति (राधिका मदान ) और बड़ा बेटा आकाश नाथ (रजत बरमेचा) हैं। आकाश नाथ केवल क्रिकेट के दीवाने हैं और अपनी गली के गली क्रिकेट के स्टार हैं. सोशल मीडिया पर आकाश की टीम,आकाश और उसकी टीम के खिलाड़ी, कबीर सेन ( आयुष मेहरा) छाए रहते हैं। यहां तक कि आकाश नाथ के क्रिकेट खेलने के वीडियो तो सचिन भी पोस्ट करते रहते हैं.अदिति अपनी मां के कहने पर भरत नाट्यम डांस सीख रही है.जबकि पिता की आज्ञाकारी बेटी होने के कारण वह मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। उसका मकसद फैशन डिजायनर बनना है.उनके पिता के मुताबिक कालेज जाने वाली हर लड़की फैशन डिजाइनर बनना चाहती है.आकाश क्रिकेट जगत में कैरियर बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है.उसे एक ब्रांड अपने साथ जोड़ना भी चाहता है। क्रिकेट के किंगमेकर चाहते हैं कि वह 'अंडरआर्म प्रीमियर लीग' का चेहरा बने. आकाश के पिता (महेश ठाकुर) चाहते हैं कि उनका बेटा आकाश नाथ एक अच्छी नौकरी पा जाए.इसके लिए वह अपने स्रोतों को फोन करते रहते हैं. लेकिन आकाश हर जगह इंटरव्यू में कह देता है कि वह क्रिकेट से बाहर की जिंदगी की कल्पना ही नहीं करता। एक मुकाम पर आकाश अपनी बहन अदिति को अपनी खुद की टीम बनाने और उसके खिलाफ एक खेल जीतने के लिए खुले तौर पर चुनौती देता है.आकाश नाथ अपनी बहन अदिति के सामने शर्त रख देता है कि अगर अदिति की टीम ने उसकी टीम को हरा दिया तो वह नौकरी कर लेगा।

## प्रियंका चोपड़ा ने शेयर किया बेटी मालती का इयरिंग्स वाला लुक

प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं, हाल ही में प्रियंका ने अपनी बेटी मालती मैरी के साथ क्यूट सी तस्वीर शेयर कि है. जिसमें मालती मैरी इयररिंग्स पहनी नजर आ रही हैं। मालती कि यह तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है, बता दें कि मालती ब्लू रंग की फ्लोरल ड्रेस में नजर आ रही हैं वह बेड पर बैठी हैं, जिसमें उन्होंने अपने कानों में खूबसूरत इयररिंग्स पहना है. जो कि उनके क्यूटनेस में चार चांद लगा दिया है। प्रियंका ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है परफेक्ट मॉर्निंग मालती की तस्वीर में एक खूबसूरत नाजारा देखने को मिल रहा है. फैंस जमकर इस तस्वीर पर अपनी राय दे रहे हैं. बता दें कि मालती की इस क्यूट तस्वीर पर फैंस अपना दिल हार बैठें हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की बेटी सेरोगेसी से हुई है, प्रियंका ने बताया था कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने सेरोगेसी से बेटी को जन्म दिया है. हम इस खूबसूरत समय के लिए इस समय के लिए आपसे कुछ वक्त की प्राइवेसी मांगते हैं। प्रियंका और निक ने साल 2018 में शादी रचाई थी, इनकी शादी जयपुर में हुई थी, जहां कुछ परिवार के सदस्य और रिश्तेदार मौजूद थें।

## काव्या के जाने के बाद वनराज को आएगा हार्ट अटैक

सीरियल अनुपमा में आए दिन कुछ न कुछ नया ड्रामा देखने को मिल रहा है, इन दिनों वनराज के जीवन में अंधेरा छाया हुआ है काव्या के छोड़कर जाने के बाद से. अब एक नया ड्रामा दर्शकों को देखने को मिल रहा है.

वहीं सीरियल में इन दिनों अनुज और अनुपमा की जोड़ी को बिल्कुल अलग कर दिया है, अनुपमा में दिखाया जा रहा है कि अनुज और अनुपमा अब शायद कभी एक नहीं होंगे. अनुपमा अपने जीवन में आगे बढ़ने का फैसला लेती है तो मां उसे समझाती नजर आती है.

वहीं शाह हाउस में वनराज और काव्या में जमकर बहस होता है तो वनराज काव्या को घर से बाहर जानें को कह देता है. जिसके बाद से वनराज को हर्ट अटैक आ जाता है.वहीं दूसरी तरफ अनिरुद्ध काव्या को समझाते हुए नजर आता है कि तुम कैसे अकेले रहोगी तो काव्या कहती है कि मेरे बुरे दिन गए मैं अकेले रह

# एकता कपूर का कहानी घर घर की फिर होगा टेलीकास्ट, फैंस हुए खुश



बीते दिन एकता कपूर ने अपना जन्मदिन मनाया. एकता कपूर को टीवी इंडस्ट्री की क्वीन भी माना जाता है. एकता ने एक त्रिमाता के तौर पर टेलीविजन इंडस्ट्री को कई सारे हिट शोज दिए हैं. उन्हीं में से एक एक्ट्रेस साक्षी तंवर के लीड रोल वाला शो कहानी घर घर की. इस शो ने अपने समय में टीआरपी चार्ट पर राज किया और शो के सभी किरदार घर-घर में मशहूर हो गए. किरण कर्मकार और साक्षी तंवर ने शो में मुख्य भूमिकाएँ निभाईं थी. इस शो ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और यह उन शोज में से था जो आठ साल तक चला था. इस शो को दर्शकों से अपार प्यार और तारीफें भी मिली.आपको बता दें कि, इस शो में साक्षी तंवर को पार्वती के रूप में पसंद किया गया और सराहा भी गया. दर्शकों ने खुद को पार्वती से जोड़ा. एकता कपूर डेली सोप की रानी हैं और उन्होंने जो शो किए, उन्होंने पूरे देश के परिवारों को एक साथ मिला दिया और कहानी घर घर की इसका एक उदाहरण है. साथ ही आज हम कहानी घर घर की के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. बता दें कि, इस शो का स्टार प्लस में दोबारा से टेलिकास्ट किया जा रहा है. स्टारप्लस अपने दर्शकों को दिलचस्प कंटेंट देने के लिए जाना जाता है. यह कहना सही होगा कि यह चैनल, विशेष रूप से, एक ऐसा केंद्र है जहां दर्शक अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली और जैसे शोज को देखना पंसद करते हैं. यही नहीं, स्टारप्लस ने हमेशा अपने दर्शकों को अपनी कहानी के प्लॉट के साथ टेलीविजन स्क्रीन से जोड़े रखना पक्का किया है. स्टारप्लस के शोज में फीमेल लीड शोज को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जाता है।

## पतली सी डोरी पर टिकी श्वेता तिवारी की हद से ज्यादा डीपनेक ड्रेस, 42 की उम्र में बोल्डनेस की हदें की पार



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी फिटनेस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी लुक फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर लुक फैंस के बीच सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पोल्का डॉट थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सेक्सी दिखाई दे रही हैं। श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज में परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। ओपन हेयर, मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को और भी अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस का इन तस्वीरों में हॉट अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। और वो उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं। श्वेता तिवारी अपनी इन फोटोज में चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है।

## क्या आलिया की अगली फिल्म रामायण होगी ? रणबीर कपूर बनेंगे राम!

एक्ट्रेस आलिया भट्ट इस साल लगातार ऊचाइंयों को छू रही हैं. इस साल मेट गाला में डेब्यू से लेकर हॉलीवुड की शुरुआत तक, स्टार हर किसी को टक्कर दे रही हैं . वहीं आलिया अभी यहीं नहीं थमने वाली वो इस साल और बड़े धमाके करने वाली हैं, और वह पूरी तरह से अपने नए प्रोजेक्ट की तरफ बढ़ रही हैं. एक्ट्रेस को बुधवार को निर्देशक नितेश तिवारी के कार्यालय के बाहर देखा गया, जिससे हम अनुमान लगा रहे थे कि क्या चल रहा है. हाल ही में आलिया को मुंबई में नितेश तिवारी के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया. गंगूबाई काठियावाड़ी की एक्ट्रेस झुमके के साथ लाइट पिंक कलर के कुर्ते में और भी खूबसूरत लग रही हैं. निर्देशक के भवन से निकलते ही एक्ट्रेस ने उन्हें गले से लगा लिया. इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया नितेश की अगली फिल्म रामायण में अभिनय करेंगी. फिल्म में कथित तौर पर रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और यश हैं.



अफवाहें बताती हैं कि इस दिवाली एक आधिकारिक घोषणा की जाएगी. बताया जा रहा है कि फिल्म दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी.वहीं नेटफ्लिक्स के ग्लोबल फैन इवेंट टुडुम 2023 के लिए आलिया जल्द ही साउ पाउलो, ब्राजील के लिए ट्रेवल करेंगी. वह वहां जोया अख्तर की द आर्चीज की टीम के साथ होंगी. हॉलीवुड ए-लिस्टर्स जैसे क्रिस हेम्सवर्थ, अर्नोल्ड श्वार्ज़नेगर, हेनरी कैविल, गैल गैडोट और अधिक हस्तियों के नाम इस लिस्ट में शामिल है. यह आयोजन 16 जून से 18 जून तक होना है.करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ आलिया नजर आएंगी. यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इसके अलावा, एक्ट्रेस जी ले ज़रा में प्रियंका चोपड़ा जोनास और कैटरीना कैफ के साथ एक्टिंग करने के लिए तैयार है. फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

# सिने सिनेमा



## कैंसर पर छलका विक्की कौशल के पिता का दर्द, किया ये खुलासा

उन्होंने कहा था कि मैं भगवान से प्रार्थना कर रहा था कि मैंने शून्य से शुरुआत कि और मैं यहां तक पहुंचा हूं, 48 साल का हूं मुझे ले जाओ लेकिन अगर आप मुझे बचाना चाहते हैं तो आप मुझे कमजोर बनाकर मत रखना। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी फिल्म जरा हटके, जरा बचके को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियों में बने हुए हैं, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रहे हैं, इसी बीच विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने खुलासा किया है कि वह एक वक्त काफी ज्यादा गंभीर बीमारी से जुझ रहे थें। उस वक्त उनके दोनों बेटे काफी ज्यादा छोटे थें, शाम कौशल ने बताया कि साल 2003 में उन्हें कैंसर हो गया था, उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने कह दिया था कि मैं जिंदा नहीं बचूंगा, उसके बाद से मैंने भी यह स्वीकार कर लिया था कि मैं जिंदा नहीं बचूंगा। उस वक्त उन्होंने कहा था कि मैं भगवान से प्रार्थना कर रहा था कि मैंने शून्य से शुरुआत कि और मैं यहां तक पहुंचा हूं, 48 साल का हूं मुझे ले जाओ लेकिन अगर आप मुझे बचाना चाहते हैं तो आप मुझे कमजोर बनाकर मत रखना, मैं एक कमजोर इंसान की तरह जीवित नहीं रह सकता हूं. उन्होंने बताया कि तब मैं 50 दिनों तक अस्पताल में एडमिट था। 50 दिनों तक अस्पताल में रहने के बाद से उन्होंने कैंसर को मात दे दिया, उसके बाद से वह घर वापस आ गए, उन्होंने बताया कि जब मैं सोच लिया कि मैं जिंदा नहीं बचूंगा तबसे लेकर अब तक मैंने अपनी जिंदगी के कई अच्छे दिन देखें हैं. मेरे बच्चे कामयाब हुए।

## जॉली जॉली एलएलबी 3 में होगा अक्षय और अरशद का आमना-सामना, ऐसी होगी फिल्म



अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 2 साल 2017 में रिलीज़ हुई थी. यह फिल्म जॉली एलएलबी का सीक्वल थी जिसे 2013 में रिलीज किया गया था और इसमें अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और अम्रिता राव लीड रोल में थे. दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. साथ ही, आज हम जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. बता दें कि, जॉली एलएलबी 2 के छह साल बाद अरशद वारसी ने फिल्म के तीसरे पार्ट की पुष्टि की है.आपको बता दें कि, हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, अरशद वारसी ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार जल्द ही जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली के किरदार में सीक्वल के लिए वापसी करेंगे. इस पार्ट में दूसरे पार्ट के हीरो खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी ज्वाइन करेंगे. एक्टर ने यह भी पुष्टि की कि मुन्ना भाई 3 के बारे में अभी कोई प्लान नहीं है. अभिनेता ने कहा मुन्ना भाई 3 नहीं हो रहा है; संजय और मैं चाहते हैं कि ऐसा हो, राजू (हिरानी) इसे बनाना चाहते हैं और विधु (विनोद चोपड़ा) इसे प्रोड्यूस करना चाहते हैं. लेकिन अभी के लिए, ऐसा नहीं हो रहा है. अक्षय के साथ जॉली एलएलबी 3 हो रही है।

## आई विंक से रातों-रात मशहूर हुईं थीं प्रिया प्रकाश, अब बताया कहां से आया आइडिया

प्रिया प्रकाश वारियर निर्देशक ओमर लूलू की फिल्म ओरु अदार लव में आंख मारने वाले सीन से रातोंरात फेमस हो गई थी. दस सेकंड के इस क्लिप में उन्होंने आंखों के इशारों से यंगस्टर्स को अपना दीवाना बना दिया था. वह इतनी लोकप्रिय हो गई थी कि फिल्म में माणिक्य मलाराया पूवी गाने में उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें विंक ब्यूटी के रूप में जाना जाने लगा. अब, कई सालों के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि ये विंक मारने वाला आइडिया किसका था. एक्ट्रेस ने दावा किया कि फिल्म के लिए आंख मारने का आइडिया उन्होंने ही दिया था. ये बात सुनकर फिल्म के निर्देशक ने उनके दावों को गलत करार दिया और उनकी याददाश्त का मज़ाक उड़ाया है. उमर लुलु ने इंस्टाग्राम पर प्रिया प्रकाश वारियर की अलग अलग इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की, जो उनके अभी के बयान से अलग है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें खरी-खोटी सुनाई और लिखा, बेचारा बच्चा 5 साल के लिए भूल गया होगा. इसके बाद डायरेक्टर ने उन्हें मेमोरी लॉस के लिए मेडिसन भी दी. उन्होंने अच्छी याददाश्त के लिए सुझाई गई दवाओं में से एक पोस्ट ये भी लिखा और कहा, यह मेरी फिल्म में आया और कई लोगों को डेडिकेटिड है, जिन्होंने बाद में अपनी याददाश्त खो दी. निर्देशक ने सुझाव दिया कि प्रिया को अच्छी याददाश्त के लिए आयुर्वेदिक दवा वल्लयचंदानादी लेनी चाहिए, और कहा कि यह विंक वाला उनका खुद का आइडिया था ये बात उन्होंने पांच साल पहले किसी इंटरव्यू में भी बोली थी. यह सोशल मीडिया पर एक चर्चा का टॉपिक बन गया



है, क्योंकि कई नेटिजन्स ने प्रिया प्रकाश वारियर और उमर लुलु के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है. कई फैंस ने एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया एक ने लिखा, 5 साल हो गए हैं, दोनों को इसका क्रेडिट जाता है. हालांकि अभी प्रिया प्रकाश ने निर्देशक के कमेंट पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

# क्या गेमचेंजर होगी लाडली बहना? नये सर्वे में भाजपा सरकार, कांग्रेस पिछड़ी



**भोपाल/ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में आज लांच हुई लाडली बहना योजना साल के अंत में होने वाले चुनावों में गेमचेंजर साबित हो सकती है। इस योजना से लाभान्वित महिला वर्ग के वोट भाजपा को मिलने की उम्मीद है। वहीं हाल ही में सामने आये एक सर्वे में भाजपा को पूर्ण बहुमत का दावा किया गया है। जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछडती नजर आई है। इस सर्वे में जनता ने लगभग 44 फीसदी लाडली बहना योजना को पसंद कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर ही भरोसा जताया है।

मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार अब चुनावी मोड में आ चुकी है। इसका नजारा आज पूरे तामझाम के साथ लांच की गई लाडली बहना योजना में देखने को मिला। पूरे प्रदेश में इस योजना के शुभारंभ पर आयोजन हुये हैं। मुख्यमंत्री ने इस योजना को जबलपुर में लांच कर वन क्लिक में महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रू. ट्रांसफर किये। योजना के तहत अब हर माह इस योजना में शामिल हुई महिलाओं के खाते में एक-एक हजार आयेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि उनका मकसद अपनी बहनों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस दिशा में काफी हद तक यह योजना कारगर साबित होगी। राजनीतिक पंडितों की माने तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने चुनावों से पहले एक ब?ी आबादी को अपनी योजना से खुश कर दिया है। इससे उनके वोटों का गणित कुछ हद तक सधेगा। हालांकि पिछले सर्वो में भाजपा को कांग्रेस के सामने पिछ?ते देखा गया था। लेकिन दावा किया जा रहा है कि एक सर्वे आया है। इस सर्वे में अगर आज चुनाव होते है तो भाजपा को 44.8 और कांग्रेस को 39.3 फीसदी वोट मिलना बताया गया है। इस हिसाब से भाजपा को 131-146 और कांग्रेस को 66 से 81 सीटें मिलने का अनुमान है। इस सर्वे में लोगों से लाडली बहना पर भी राय ली गई थी। जिसमें 43.8 फीसदी लोगों ने योजना को काफी पसंद किया है। वहीं मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह सबसे फेवरेट है उन्हें 60.2 फीसदी और कमलनाथ को 39.8 फीसदी लोगों का समर्थन मिला है। कुल मिलाकर इस सर्वे में लाडली बहना योजना के आने से भाजपा का ग्राफ ब?ा है। इस योजना से एक बार फिर मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह सबसे पसंदीदा बनकर सामने आ गये है। खासकर महिला वर्ग उन्हें मामा, भाई के रूप में खासा दुलार रहा है। हालांकि चुनावों से 5-6 माह पहले आई इस योजना की इतनी ही किश्तें महिलाओं के खाते में आयेगी। अब यह भाजपा के वोटों में कितना असर डालेगी यह तो आने वाला वक्त ही बता पायेगा। फिर भी इस योजना को एक तरह से भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए गेमचेंजर के रूप में भी देखा जा रहा है।



## कांग्रेस सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ शोषण के खिलाफ 10 जुलाई को करेगा विधानसभा का घेराव

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने कहा है कि सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ भाजपा नीत सरकार द्वारा सफाई कामगार वर्ग का विगत 20 सालों से लगातार शोषण कर रहा है उसके विरोध में पूरे प्रदेश के सफाई कामगार 10 जुलाई को विधानसभा का घेराव करेगें। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि पिछले 20 सालों से सफाई कामगारों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। लेकिन ना अधिकारियों ने कोई जबाब दिया और ना ही ठेकेदारी प्रथा को लेकर कोई हल निकाला। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में ठेका व्यवस्था को लागू कर रखा है। यह ठेका व्यवस्था ही सफाई कामगारों के साथ शारीरिक, आर्थिक और मानसिक शोषण कर रही है। प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश में जहां जहां कांग्रेस की महापौर है उनकी एमआईसी द्वारा पारित किये गये प्रस्तावों को परिषद में भी नहीं लाया जा रहा है और अधिकारी भी उन पर गंभीरता से संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण शहर विकास के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने कहा कि विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की सरकार आने पर पूरे प्रदेश से ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करेंगे। वहीं विनियमित कर्मचारियों का भी ठोस समाधान निकालेंगे। पत्रकार वार्ता में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हमीद उस्मानी, प्रकोष्ठ के महामंत्री अरविंद चौहान आदि मौजूद थे।



## जीवाजी विश्वविद्यालयः पहले दिन ही परीक्षाओं में आधा सैकड़ा से अधिक नकलची धरे

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय की दोनों पारियों में आज 54 नकलची पकड़े गए। बीए बीकॉम फर्स्ट ईयर की परीक्षाओं का आज पहला दिन था। आज पहली पारी मैं दो दल गए एक दल कुलपति प्रो अविनाश तिवारी के साथ दतिया गया। दूसरा दल भिंड के लिए रवाना हुआ जो दोनों परियो को कबर करता हुआ वापस आया। जीवाजी विवि के पी आर ओ डॉ. विमलेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि पहली पारी मैं पंडित दीनदयाल कॉलेज मेहगाँव मैं आठ प्रकरण बने और नाथू राम कॉलेज मेहगाँव मैं 11 प्रकरण बने। चौधरी यदुनाथ कॉलेज भिंड मैं 3, जैन कॉलेज मैं 3 नकलची पकड़े। पहली पारी मैं बीए की परीक्षा चल रही है। दूसरी पाली मैं गोरमी मैं 4, पोरसा के श्री राम कॉलेज मैं 12 एवं आरवीएस पोरसा मैं 10, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय सैया का पुरा मुरैना मैं 3 प्रकरण दर्ज किये। सेकंड पाली मैं बी.कॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा चल रही है। डॉ. राठौर ने बताया कि आगामी परीक्षाओं मैं छापामार दलों की संख्या बढ़ाई जायेगी। कुलपति के स्पष्ट निर्देश हैं कि नकल हर हाल मैं रूके।

## विधायक सतीश सिकरवार की पदयात्रा घर-घर पहुंची



ग्वालियर।16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मेला ग्राउण्ड ब्लॉक में शाम 6 बजे वार्ड 21 के इंद्रमणि नगर कॉलोनी गजेन्द्र सिंह कुशवाह के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा शुरू की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। पदयात्रा इंद्रमणि नगर कॉलानी गजेन्द्र सिंह कुशवाह के निवास से प्रारम्भ होकर इंद्रमणि नगर एवं पीताम्बरा स्टेट की सभी गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर क्षेत्रीय नागरिकों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ कार्यकारी अध्यक्ष चर्तुभुज धनोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, गजेन्द्र सिंह कुशवाह, पार्षद प्रमोद खरे, श्रीनिवास गुर्जर 'घल्ले', रामसेवक माथुर, शोभाराम माहौर, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, सुनील रमपुरिया, आदित्य सेंगर, फूलसिंह मौर्य, सुनीता तोमर, प्रीती शर्मा, कुंती सगर, गंगा राठौर, रेखा जाटव, भूमिराम, हरेन्द्र नागर, रोहित धनोलिया, गौरव मिगेश, संतोष शर्मा, उपेन्द्र शर्मा, गौरव सिकरवार आदि मौजूद रहे।

## हटाये गये मनीष शर्मा अब श्योपुर के सीएचएमओ की जुगाड़ में

**ग्वालियर।** ग्वालियर में विभिन्न विवादों से घिरे पूर्व सीएचएमओ मनीष शर्मा अब सेटिंग बिठाकर श्योपुर का सीएचएमओ बनने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी उनसे ग्वालियर में जनक हास्पीटल के मुददे पर बेहद नाराज है। जनक हास्पीटल का पंजीयन निरस्त करने को लेकर अब पूरी संघ लाबी व वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मंत्री प्रभुराम चौधरी से सीएचएमओ मनीष शर्मा के रवैये को लकर नाराजगी जताई है। हालांकि मंत्री प्रभुराम चौधरी ने सीएचएमओ मनीष शर्मा को ग्वालियर से हटाकर जिला क्षय अधिकारी बना दिया है। लेकिन लोग अब उनके खिलाफ विभिन्न शिकायतों का पिटारा लेकर ईओडब्ल्यू से लेकर लोकायुक्त तक पहुंच रहे हैं और उनको जिला क्षय अधिकारी के पद से भी हटाने की मांग कर रहे हैं। इधर यह भी पता चला है कि वह अपनी सेटिंग बिठाकर श्योपुर सीएचएमओ बनने के प्रयास में लग गये हैं।




## श्री मतँगेश्वर सेवा समिति एवं क्लीन एंड ग्रीन खजुराहो 21 दिनों से जारी है ध्यान योग शिविर

आध्यात्मिक पर्यटन की नगरी खजुराहो में 21 तारीख को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जैन मंदिर में आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य बाल ब्रह्मचारी ब्रह्मरूपी महाराज के सानिध्य में ध्यान योग शिविर का आयोजन हुआ था जिसमें उनके द्वारा खजुराहो के प्रबुद्ध नागरिकों को योग और ध्यान की क्रियाओं के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया था योग गुरु पंडित सुधीर शर्मा के द्वारा इस ध्यान योग को गांव-गांव में पहचाने और लगातार एक माह तक इसको संचालित करने का संकल्प लिया आज लगातार 21 दिनों से ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन जैन मंदिर दूसरे दिन त्रिलोखर धाम तीसरे दिन चित्रगुप्त मंदिर चौथे दिन जगदंबा मंदिर प्रांगण मैं योगी बहादुर यादव के द्वारा बच्चों को योग सिखाया गया पांचवें एवं छठवें दिन मतंगेश्वर मंदिर प्रांगण सातवे दिन कंदरिया मंदिर प्रांगण में एवं आठवे दिन रविवार को चित्रगुप्त मंदिर में भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर सूर्य नमस्कार के पश्चात सौर ऊर्जा की उपस्थित में ध्यान योग शिविर का आयोजन योगी शर्मा के द्वारा करवाया गया 09 एवं 10 वे दिन माता बगराजन मंदिर प्रांगण में ध्यान योग कराया गया विगत 09 दिनों से मतँगेश्वर मंदिर प्रांगण में ध्यान योग कराया जा रहा हैं श्री योगी जी ने सूर्य भगवान के पुत्र चित्रगुप्त महाराज के जीवन पर बौद्धिक दिया एवं बताया कि 10 दिनों तक केवल बच्चों को ध्यान योग सिखाया जाएगा 7 जिसका मुख्य उद्देश्य पांचवी और आठवीं में फेल हुए बच्चों को मोटिवेट करना है ताकि उनकी आत्म शक्ति योग और ध्यान से बढ़ सके और आने वाले समय में नित्य नई ऊंचाइयों को छू सकें। 21 वे दिन के ध्यान योग कार्यक्रम में ष्टस्द्धस्न के सुरक्षा अधिकारी, ॥क्रफिटनेस क्लब के सदस्य, ओशो ध्यान सेंटर के सन्यासी संदीप जी , त्रिवेणी वर्मा, शिवानी गौतम, स्नेह लता मिश्रा, ऋषि अनुरागी, राज रैकवार, शिवम् अनुरागी तृष्णा अनुरागी आदि स्कूली बच्चों ने भी ध्यान योग का लाभ लिया ।









## जेसी ग्वालियर मेट्रो ने टेवा ए पी आई इंडिया को रक्तदान शिविर में सम्मनित किया

टेवा ए पी आई इंडिया मालनपुर एव जेसी आई ग्वालियर मेट्रो एव रेडक्रोस सोसायटी ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस रक्तदान शिविर में विनय शर्मा, गणेश ताम्बे, अमोल सिंह सतेंद्र दयोल जेसी एस एन वर्मा माधव मिश्रा मोहन राम सभी ने शुरुआत में ही रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से 91 यूनिट का डोनेशन शानदार संपन्न हुआ 25 लोगो का स्क्रीनिंग के बाद ब्लड नही लिया गया । जो नियमित दवाई खाते है। जिनका इलाज चल रहा है जेसी सुधीर त्रिपाठी, नीड ब्लड काल जेसीस, मध्यप्रदेश ने ब्लड देने के फायदे भी बताए कहा रक्तदान जीवन दान से कम नही है । आपका रक्त दुसरो का जीवन है । विनय शर्मा ने कहा टेवा ए पी आई इंडिया मालनपुर नोबेलकोज पर मेडिकलक्षेत्र , रक्तदान पर्यावरण सामाजिक कार्य गांव में आंगनवाड़ी के माध्यम से लोगों को जागरूक करना अपने जीवन को अच्छा बनाये में शाशन प्रशासन सभी का सहयोग करने अग्रसर है । विनय शर्मा एव गणेश ताम्बे मनोज मिश्रा ने इंडियन रेडक्रोस सोसायटी ग्वालियर टीम का स्वागत किया । एस पी पांडेय एव मनोज मिश्रा जी को जेसी आई ग्वालियर मेट्रो से विपिन अग्रवाल प्रेसीडेंट एव जेसी सुधीर त्रिपाठी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मनोज मिश्रा एव डॉ एस डी शर्मा ने रक्तदाताओ को डोनर कार्ड भेट किये प्रत्येक रक्तदाता रक्त की आवश्यकता होने पर डोनर सर्टिफिकेट से एक यूनिट ब्लड विना एक्सचेंज रेडक्रोस रक्तकोष ग्वालियर से प्राप्त कर सकता है ।







स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478